Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 212 | रविवार, 03 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## काशी से पीएम मोदी का स्वदेशी अपनाने का आह्वान

# बोले- आज से घर में केवल भारतीय वस्तुएं ही आएं

**वाराणसी।**

अमेरिका के साथ टैरिफ को लेकर चल रहे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को काशी से देशवासियों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया है। कहा-देशवासी स्वदेशी का संकल्प लें कि वे आज से उन वस्तुओं को ही खरीदेंगे, जिसे बनाने में भारत का पसीना बहा है। यह जिम्मेदारी देश के लोगों को लेनी होगी कि आज से ही हमारे घर में जो नया सामान आएगा, वह स्वदेशी ही होगा।

उन्होंने ट्रंप और अमेरिका का जिक्र किए बिना कहा- 'इस समय वैश्विक अस्थिरता का माहौल है। सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए



अपने आर्थिक हितों के प्रति हमें सजग रहना होगा। हमें वोकल फार लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा देंगे।' सेवापुरी के बनौली गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आपरेशन सिंदूर को लेकर संसद में बयान के लिए कांग्रेस और सपा को भी निशाने पर रखा। कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता आपरेशन सिंदूर की ताकत बनी। दुर्भाग्य से आपरेशन सिंदूर की सफलता से हमारे देश के ही कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेस ने हमारे जवानों के पराक्रम का लगातार अपमान किया और आपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है।

हमारी सेना के पराक्रम, बहनों का सिंदूर उजाड़ने वालों से बदला लिए जाने को तमाशा कहने की निर्लज्जता और वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण की राजनीति में सपा भी पीछे नहीं है। सपा नेता संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकी को क्यों मारा? क्या आतंकियों को भी मारने के लिए इंतजार करना चाहिए था? नया भारत भोलेनाथ को पूजता है तो समय आने पर दुश्मनों के सामने कालभैरव भी बन जाता है। आज भारत पर जो वार करेगा, पाताल में भी नहीं बचेगा। आपरेशन सिंदूर में विश्व ने हमारे स्वदेशी हथियारों की क्षमता देखी।

# ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद भारत-यूएस में बढ़ा व्यापार

**नई दिल्ली।**

डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद, अमेरिका और भारत के बीच ऊर्जा खरीद में काफी वृद्धि देखी गई है। आंकड़ों के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारत ने अमेरिका से जितना कच्चा तेल खरीदा, वह पिछले साल की तुलना में 51% ज्यादा है। इसके अलावा, भारत ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात भी काफी बढ़ा दिया है। डोनाल्ड ट्रंप के जनवरी 2025 में दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद, भारत ने अमेरिका से ऊर्जा की खरीद काफी बढ़ा दी है। आंकड़ों के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारत ने अमेरिका से जितना कच्चा तेल खरीदा, वह पिछले साल की तुलना में 51% ज्यादा है। ऊर्जा की खरीद में यह तेजी, अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को पुनसंतुलित करने की भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो ट्रंप प्रशासन की बड़ी मांगों में से एक है। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (छठऋ) का आयात भी काफी बढ़ा है। एलएनजी का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 1.41 अरब डॉलर था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में दोगुना होकर 2.46 अरब डॉलर हो गया है। इस तेजी का कारण फरवरी 2025 में ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हुआ एक समझौता है, जिसमें दोनों नेताओं ने ऊर्जा सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई थी। भारत ने 2024 तक अमेरिका से ऊर्जा खरीद को 15 अरब डॉलर से बढ़ाकर 25 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। साथ ही, दोनों देशों के बीच कुल व्यापार को 2030 तक 200 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने की योजना है।



संयुक्त बयान में कहा गया था कि दोनों देश मिलकर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना चाहते हैं और अमेरिका को भारत के लिए प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बनाना चाहते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, यह गति काफी तेज हो गई है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में, अमेरिका से भारत का कच्चा तेल आयात 114% बढ़कर 3.7 अरब डॉलर हो गया, जो पहले 1.73 अरब डॉलर था। जुलाई 2025 में, भारत ने जून की तुलना में 23% ज्यादा अमेरिकी तेल खरीदा। अब भारत के कुल तेल आयात में अमेरिका की हिस्सेदारी 3% से बढ़कर 8% हो गई है। अमेरिका से एलएनजी खरीदना भारतीय कंपनियों के लिए आकर्षक प्रस्ताव रेटिंग एजेंसी कउफअ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत वशिष्ठ का कहना है कि अमेरिका से एलएनजी खरीदना कई भारतीय कंपनियों के लिए बहुत ही आकर्षक प्रस्ताव है। पहला कारण यह है कि इसका मूल्य अमेरिका के 'हेनरी हब' बेंचमार्क पर आधारित होता है, जो सस्ता पड़ता है। दूसरा, अमेरिका में बड़ी संख्या में एलएनजी परियोजनाएं ऑनलाइन आ रही हैं।

## 'दिव्यांगजनों के अधिकारों पर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस मनमोहन ने शनिवार को दिव्यांगजनों के अधिकारों के बारे में संवेदनशीलता और जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्यायालयों ने दिव्यांगजनों के अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर फैसले सुनाए हैं और सुनाएंगे, लेकिन सरकार के अन्य अंगों को भी इस विषय पर आगे आना होगा। जस्टिस मनमोहन यहां 'दिव्यांगजनों के अधिकार' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। उनसे जब फैसलों के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दे पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, ''समय की मांग इस बाबत संवेदनशीलता और जागरूकता पैदा करना है। मेरा मानना है कि इस विषय पर कानून और अधिकारों के बारे में जितनी अधिक जागरूकता होगी, समाज उतना ही अधिक समझेगा, अदालतें उतना ही अधिक समझेंगी और इससे अनुपालन सुनिश्चित होगा।'

# स्पेन में भारत को सौंप दिए सभी एयरबस सी-295 विमान

**लंदन।**



**समय से दो महीने पहले हुई डिलीवरी**

भारत को स्पेन से मिलने वाला 16 एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमानों का अंतिम विमान शनिवार को मिल गया। यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सी-295 पांच से दस टन क्षमता वाला परिवहन विमान है। यह आधुनिक तकनीक से लैस है। यह वायु सेना के पुराने एवरो विमानों का स्थान लेगा। इसकी डिलीवरी समय से दो महीने पहले की गई है। स्पेन में भारतीय राजदूत दिनेश के पटनायक ने वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेविले में एयरबस डिफेंस एंड स्पेस असेंबली लाइन पर 16 एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमानों में से अंतिम विमान प्राप्त किया। 11 घंटे तक की उड़ान क्षमता वाला यह विमान एक बहुमुखी सामरिक परिवहन विमान है। भारत ने सितंबर 2021 में वायु सेना के लिए 56 सी-295 एमडब्ल्यू परिवहन विमानों की खरीद के लिए एयरबस डिफेंस एंड स्पेस स्पेन के साथ अनुबंध किया था। कुल 56 विमानों की डिलीवरी की जानी है, जिनमें से 16 विमानों की डिलीवरी सीधे एयरबस द्वारा स्पेन से की जानी थी और शेष 40 का निर्माण भारत में किया जाएगा। स्पेन ने शनिवार को 16 विमानों में से अंतिम विमान सौंपकर उस प्रतिबद्धता को पूरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के समकक्ष पेड्रो सांचेज ने पिछले साल अक्टूबर में गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सी-295 विमानों के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट काम्प्लेक्स का संयुक्त उद्घाटन किया था।

टीएएसएल भारत में इन 40 विमानों को बनाने के लिए जिम्मेदार है। यह भारत में सैन्य विमानों के लिए पहला निजी क्षेत्र का फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) बन गई है।

# दिल्ली-यूपी में रात से जमकर हो रही बारिश



**नई दिल्ली।**

दिल्ली-यूपी में रात से ही जमकर बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया है। कुछ जगह से वाहन फंस गए हैं। आइएमडी ने एक-दो दिनों के दौरान दिल्ली-एनसीआर एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। रविवार के लिए उत्तर प्रदेश के उत्तरी हिस्सा और उत्तराखंड के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के उत्तरी हिस्से में तीन को होगी भारी बारिश होगी। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब एवं हरियाणा के कई जिलों को भारी बारिश का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने दिंल्ली-एनसीआर, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन अगस्त को मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) का पूवार्नुमान है कि अगस्त और सितंबर महीने में भी अच्छी बारिश होगी।

जून में सामान्य से नौ प्रतिशत और जुलाई में पांच प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। किंतु इस दौरान बिहार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों को बारिश के लिए तरसना पड़ा है।

### पूर्वोत्तर क्षेत्रों में भारी वर्षा की आशंका

आइएमडी ने अगले एक हफ्ते के दौरान पूर्वोत्तर एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी से अत्यंत भारी वर्षा जारी रहने का अनुमान जताया है। तीन एवं चार अगस्त को उत्तरी बंगाल, बिहार, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है।

## 'टैरिफ वार' के बीच ट्रंप को भारत का करारा जवाब

# रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा भारत

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जुमार्ने की धमकियों के बावजूद भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि ये दीर्घकालिक तेल अनुबंध हैं। रातोंरात खरीदारी बंद करना इतना आसान नहीं है। ट्रंप ने पिछले महीने टुथ सोशल पर एक पोस्ट में संकेत दिया था कि रूसी हथियार और तेल खरीदने के लिए भारत को अतिरिक्त पेनल्टी का सामना करना पड़ेगा। लेकिन, अमेरिका के साथ जारी टैरिफ वार के बीच रूस से तेल खरीद जारी रखने को भारत सरकार का करारा जवाब माना जा रहा है। भारत रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। भारत ने आधिकारिक रूप से इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि रूस से तेल आयात पर कोई रोक नहीं है। भारत की ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हितों और बाजार की ताकतों पर आधारित है। हमारे पास भारतीय तेल कंपनियों द्वारा रूसी आयात रोकने की कोई रिपोर्ट नहीं है। कुछ रिपोर्टों में कहा गया था कि भारतीय रिफाइनरियों (इंडियन आयल कार्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन और मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड) ने पिछले सप्ताह रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया। लेकिन, आईएएनएस ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि चारों रिफाइनरियां नियमित रूप से मांग के आधार पर रूसी तेल खरीदती हैं और वैकल्पिक रूप से पश्चिम एशिया और अफ्रीकी बाजारों का रुख कर रही हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए वैश्विक बाजार की पेशकशों के आधार पर तेल खरीदता है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने शनिवार को दो वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा कि भारत सरकार की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने रूस से आयात कम करने के लिए तेल कंपनियों को कोई निर्देश नहीं दिया है।




रॉयटर ने इसी सप्ताह बताया था कि जुलाई में छूट कम होने के बाद भारत की सरकारी तेल रिफाइनरियों ने रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है। पीटीआई के अनुसार, भारत की प्रतिक्रिया से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने शिगूफा छोड़ा था कि उन्होंने सुना है भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने इसे एक अच्छा कदम बताया, लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है।

# भूपेश बघेल अग्रिम जमानत के लिए पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**रायपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शराब, कोयला और महादेव सट्टा एप घोटालों में नाम आने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस पर सोमवार को सुनवाई होगी। इसी दिन शराब घोटाले में बंद उनके बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। भूपेश बघेल ने मांग की है कि उन्हें इन




मामलों में किसी भी तरह से गिरफ्तार न किया जाए और जांच में सहयोग करने का अवसर दिया जाए। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिस तरह उनके बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी राजनीतिक द्वेष के चलते की गई, उसी तरह उन्हें भी निशाना बनाया जा सकता है। यह याचिका ऐसे समय में दाखिल की गई है, जब ईडी और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों ने संबंधित मामलों की जांच तेज कर दी है। चैतन्य बघेल की याचिका में कहा गया है कि न तो उनका नाम शराब घोटाले की ईडी एफआइआर में है और न ही किसी के बयान में उनका उल्लेख किया गया है। राजनीतिक द्वेष के तहत उनकी गिरफ्तारी की गई है।

# तेज हुआ ईडी का एक्शन, अनिल अंबानी के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में हुई पहली गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।**

ईडी की जाँच के अनुसार, बीटीपीएल ने धोखाधड़ी से 68.2 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी तैयार की, जिसके लिए भारतीय स्टेट बैंक के जाली समर्थन और फर्जी एसबीआई ईमेल आईडी का इस्तेमाल करके फर्जी पुष्टिकरण ईमेल तैयार किए गए। इस फर्जी गारंटी का इस्तेमाल एसईसीआई द्वारा जारी एक टेंडर को समर्थन देने के लिए किया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि ईडी ने खुलासा किया है कि बीटीपीएल को अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड से फर्जी बैंक गारंटी के लिए कथित तौर पर 5.4 करोड़ रुपये मिले थे। अधिकारियों का कहना है कि यह वित्तीय सुराग बीटीपीएल के धोखाधड़ी वाले कार्यों को अंबानी के कॉर्पोरेट नेटवर्क से जोड़ने वाला एक प्रमुख तत्व है। उद्योगपति अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली व्यावसायिक संस्थाओं से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहली गिरफ्तारी की है। बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड (बीटीपीएल) के प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया।



## संपादक की कलम से

# ये मौत के मंदिर

क्षमा करें, हम आपकी आस्था का अपमान नहीं कर रहे हैं और न ही उसे क्षुद्र मान रहे हैं। आपके मन में किसी भी आराध्य-देव के प्रति आस्था है, लिहाजा आप दर्शन करने मंदिरों और तीर्थ-स्थलों तक जाते हैं। हमारी जिज्ञासा और सवाल ये हैं कि ऐसी तीर्थ-यात्रा, आराध्य-देव के दर्शन मौत में तबदील क्यों हो जाते हैं? भगदड़ के हादसे क्यों होते हैं? आराध्य-देव के मंदिर इतने दुर्गम, दुर्लभ और ऊबड़-खाबड़, संकरे रास्तों के पार ही क्यों स्थित हैं? क्या ईश्वर अपने भक्तों, श्रद्धालुओं की निरंतर परीक्षा लेते रहते हैं? क्या ये मौतें भी इनसान की नियति ही हैं? ये सवाल आपकी आस्था को खंडित करने वाले नहीं हैं। प्रभु तक पहुंचने वाले रास्ते सुगम, सरल, सहज भी हो सकते हैं। अब हरिद्वार के माता मनसा देवी के मंदिर में भगदड़ मची है, जिसमें 8 मासूम, बेगुनाह प्राणियों की मौत हो गई और 30-40 लोग घायल बताए गए हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि 5 घायल गंभीर बताए गए हैं। एक संकरे रास्ते में 200-300 लोगों की भीड़ आपस में ऐसे चिपक गई थी कि सांस लेना दूभर था। ऐसे में ही भगदड़ मची और मौतें हुईं। दरअसल जहां भीड़ अनियंत्रित हो जाती है अथवा भीड़-नियंत्रण का प्रशिक्षण हमारी पुलिस और प्रशासन को प्राप्त नहीं है, उन स्थलों पर भगदड़ के हादसे अपरिहार्य हैं।



ललित शर्मा
संपादक

वह महाराष्ट्र का मांडहर देवी मंदिर (300 मौतें), राजस्थान का चामुंडा देवी मंदिर (224 मौतें), केरल का सबरीमाला मंदिर (106 मौतें), मप्र का रतनगढ़ माता मंदिर (115 मौतें), झारखंड का बैद्यनाथ धाम (11 मौतें), जम्मू का माता वैष्णो देवी मंदिर (12 मौतें), बिहार का बाबा सिद्धनाथ मंदिर (7 मौतें), प्रयागराज महाकुंभ (30 मौतें) और तिरुपति मंदिर, कामाख्या मंदिर, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर आदि की लंबी सूची है। इन मंदिरों में असंख्य लोग अपनी-अपनी आस्था के मद्देनजर जाते हैं, लेकिन अव्यवस्था, अनियंत्रित भीड़, लापरवाह और संवेदनहीन पुलिस के कारण भीड़ में कुचले जाते हैं और जिंदगी पर पूर्णविराम लग जाता है। इन मंदिरों के परिसरों में आराध्य-देव का दैवीय चमत्कार क्यों नहीं होता, ताकि भक्त, श्रद्धालु कमोबेश भगदड़ में फंस कर न मरें। हम उप्र के हाथरस में 2 जुलाई, 2024 को नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ को भूल नहीं सकते, जिसमें 121 लोग मारे गए थे। उनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। क्या बाबा को दंड मिला? हम यही सवाल अन्य भगदड़ों के संदर्भ में कर रहे हैं कि हर हादसे के बाद न्यायिक जांच की घोषणा तो की जाती है, लेकिन कितनी जांचों की रपट सार्वजनिक की गई? कितने दोषी और जवाबदेह चेहरों को जेल में डाला गया? जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक का सिर्फ तबादला किया जा सकता है। उससे अधिक अधिकार सरकार के पास नहीं होते। अफवाह भी एक अपराध है, जो हादसों को जन्म देती है। मनसा देवी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। किंवदंती है कि यहां माता सती का मस्तिष्क गिरा था। माता सती को मां पार्वती का पूर्व जन्म माना जाता है, लिहाजा इस मंदिर की मान्यता बहुत है। दरअसल सवाल व्यवस्था का है। मंदिर का ट्रस्ट मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए का मुआवजा दे सकता है, लेकिन संकरे रास्ते को कॉरिडोर में तबदील नहीं होने देगा। हम श्रद्धालुओं से भी सविनय आग्रह करते हैं कि वे अपनी देखभाल खुद करना सीखें। बच्चों को ऐसे भीड़भाड़ वाले स्थलों पर न लाएं। यह भक्ति का मामला है, न कि आप पर्यटन पर जा रहे हैं। यदि एक संकरे रास्ते पर कई गुना भीड़ देख रहे हैं, तो प्रतीक्षा करें। अवकाश के दिन दर्शन करने मत जाएं। आराध्य-देव के लिए सभी दिन शुभ और समान हैं। जब भीड़ कम हो, तो मंदिर के रास्ते पर कदम बढ़ाएं। यह आस्था और श्रद्धा का भी मामला है। आराध्य-देव घर बैठे भी आपकी आस्था को स्वीकार कर सकते हैं। श्रद्धालु खुद भीड़ का नियंत्रण करना सीख लें।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ रचे गए कांग्रेसी षड्यंत्रों से उपजते सवाल

राजनीतिक परिदृश्य इस बात की चुगली करता है कि मालेगांव बम विस्फोट कांड की भटकाई गई जांच के बाद से कांग्रेस कभी केंद्रीय सत्ता में नहीं लौट पाई। साल 2014, 2019 और 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाले पहले यूपीए और अब इंडिया गठबंधन को भारतीय हिन्दुओं ने लगभग खारिज कर दिया। मालेगांव बम विस्फोट कांड (2008) के बारे में हाल ही में जो महत्वपूर्ण खुलासे हुए हैं, वो किसी भी सजग भारतीय का दिल दहलाने वाले हैं। साथ ही भारत के एक प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस के सार्वजनिक चरित्र के बारे में जो खुलासे हुए हैं, वह उस पर एक गम्भीर लांछन के रूप भी दिखाई दे रहे हैं। यह भारत के उन कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों की मनोदशा पर भी प्रकाश डाल रहे हैं, जिन्हें राजनीतिक नाफरमानी की स्थिति में भारी कीमत चुकानी पड़ती है। इसलिए हमारी संसद को चाहिए कि वह भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए हमारे प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को सक्षम बनाने के लिए कानून बनाए और उनके पाकसाफ हाथ को मजबूत करे। ऐसा इसलिए कि कांग्रेस के जड़विहीन व खुराफाती रणनीतिकारों यथा-तत्कालीन गृह मंत्री पी.चिदम्बरम, महाराष्ट्र के पार्टी नेता सुशील कुमार शिंदे और तत्कालीन गृह सचिव आर के सिंह आदि ने यूपीए संयोजिका और कांग्रेस सुप्रीमो श्रीमती सोनिया गांधी, जो इटालियन ईसाई मूल की भारतीय भारतीय बहू हैं, को प्रसन्न करने के लिए जिस हिन्दू आतंकवाद या भगवा आतंकवाद की अवधारणा दी और इसी बहाने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करवाने की जो घृणित चाल चली, वही 5 साल बाद कांग्रेसी सत्ता की ताबूत के लिए अंतिम कील साबित हुई। लिहाजा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ रचे गए कांग्रेसी षड्यंत्रों से कुछ महत्वपूर्ण सवाल उपजते हैं, जिसका समुचित जवाब तलाशे जाने की जरूरत है। वहीं, यदि इस मामले के षडयंत्रकारियों को न्याय के कठघड़े में लाया जा सका, तो यह बहुत बड़ी बात होगी। वहीं, राजनीतिक परिदृश्य इस बात की चुगली करता है कि मालेगांव बम विस्फोट कांड की भटकाई गई जांच के बाद से कांग्रेस कभी केंद्रीय सत्ता में नहीं लौट पाई। साल 2014, 2019 और 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाले पहले यूपीए और अब इंडिया गठबंधन को भारतीय हिन्दुओं ने लगभग खारिज कर दिया। समझा जाता है कि तब सुरसा मुख की भांति फैलते जा रहे ₹इस्लामिक आतंकवाद₹ से देशवासियों का ध्यान भटकाने के लिये कांग्रेसियों ने यह सियासी षड्यंत्र रचा था। लेकिन इस भगवा आतंकवाद या हिन्दू आतंकवाद की अवधारणा के लगभग डेढ़ दशक बाद जो महत्वपूर्ण खुलासे हुए हैं, वो बेहद चौंकाने वाले। इससे कांग्रेस की बची हुई सियासी साख भी मिट्टी में मिल सकती है। दरअसल, इस विस्फोट की जांच करने वाली एटीएस टीम का हिस्सा रहे पुलिस इंस्पेक्टर महबूब मुजावर ने एक सनसनीखेज दावा किया है कि साल 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में जांच के दौरान महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया था। यही नहीं, मालेगांव बम विस्फोट जांच को ₹गलत दिशा₹ में ले जाने का सियासी प्रयास किया गया और इस घृणित योजना पर आपत्ति जताने पर उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए। देखा जाए तो यह बहुत ही गम्भीर आरोप है और इसके दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। बता दें कि पूर्व एटीएस अधिकारी की तजव टिप्पणी मुंबई की एक विशेष अदालत द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को इस आधार पर बरी करने के एक दिन बाद आई है कि उनके खिलाफ ₹कोई विश्वसनीय और ठोस₹ सबूत नहीं है। सवाल है कि सबूत आखिर हो भी कैसे, क्योंकि यह एक पूर्वनियोजित षड्यंत्र प्रतीत होता है और इसके प्रायोजकों ने पहले ही सबूत नष्ट कर दिए, ताकि लक्षित लोगों या उनके समूह को फंसाया जा सके। कहने का तातपर्य भाजपा नेताओं और आरएसएस कार्यकताओं को, जैसा कि बाद के प्रकरणों से साबित भी हुआ। उल्लेखनीय है कि 29 सितम्बर 2008 को मुम्बई से लगभग 300 किलोमीटर दूर मालेगांव के एक व्यस्त बाजार में मोटरसाइकिल में रखे बम के फटने से छह लोग मारे गए थे। प्रारम्भ में महाराष्ट्र एटीएस ने इस विस्फोट की जांच की, जिसके बाद इसे देश की शीर्ष आतंकवाद-रोधी संस्था राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दिया गया। इसी सिलसिले में शामिल रहे मुजावर ने बताया कि, ₹वरिष्ठों ने आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत की गिरफ़्तारी का आदेश दिया था।₹ बता दें कि श्री भागवत मार्च 2009 में ही आरएसएस प्रमुख बने थे। उन्होंने आगे यह भी कहा कि, ₹मालेगांव विस्फोट के तत्कालीन मुख्य जाँच अधिकारी परमबीर सिंह ने मुझे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ़्तार करने का आदेश दिया था। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि, ₹मोहन भागवत को इस मामले में शामिल किया जा रहा था ताकि इसे भगवा आतंकवाद का मामला बनाया जा सके।₹ बताते चलें कि भाजपा ने पहले भी आरोप लगाया है कि इस मामले की जाँच दक्षिणपंथी नेताओं को बदनाम करने और फंसाने तथा हिंदू समुदाय को निशाना बनाने के इरादे से की गई थी। वहीं, मुजावर ने यहां तक कहा कि, ₹मालेगांव बम विस्फोट की फर्जी जांच की कोशिश की गई थी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार नहीं था। लिहाजा इस मामले में मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए थे, लेकिन बाद में मेरा नाम साफ हो गया। उन्होंने यहां तक कहा कि राज्य की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस मामले में तत्कालीन अधिकारियों पर दबाव डाला होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस मामले की गोपनीय जानकारी की थी। उन्होंने कहा, ₹मैं अपनी सेवा कर रहा था। मुझे पता था कि ये बातें झूठी हैं, इसलिए मेरे खिलाफ मामले दर्ज किए गए।₹ गौरतलब है कि राजनीतिक नाफरमानी की वजह से मनगढ़ंत आरोप लगाकर श्री मुजावर को तत्कालीन राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था। इधर, उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठीक ही कहा है कि, ₹2008 की मालेगांव साजिश का पदार्फाश हो गया है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंकवाद जैसे शब्द गढ़े थे। ऐसे समय में जब इस्लामी आतंकवाद पर बात हो रही थी, सरकार द्वारा उसको वोट देने वालों को नाराज नहीं किया जा सकता था, यही वजह है कि हिंदू आतंकवाद का सिद्धांत गढ़ा गया।₹ यह गम्भीर सरकारी पहल थी, जिसकी कांग्रेस ने भारी सियासी कीमत भी चुकाई। इस नए खुलासे के नकारात्मक असर भी बिहार विधानसभा चुनाव पर पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि उद्योगपति मुकेश अंबानी के मुंबई स्थित आवास एंटीलिया के बाहर कथित तौर पर विस्फोटक मिलने के बाद, मुंबई पुलिस आयुक्त के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कदाचार के आरोपों के बीच, श्री सिंह को दिसंबर 2021 में निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद, उन्होंने महाराष्ट्र के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख पर जबरन वसूली और हस्तक्षेप का आरोप लगाया। श्री देशमुख को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन श्री सिंह पर राज्य सरकार ने जबरन वसूली और इसी तरह के आरोपों में मामला दर्ज किया।



बता दें कि भाजपा को 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत दिलवाने में आरएसएस की बहुत बड़ी भूमिका थी और 2024 में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा उसकी भूमिका को कमतर आंकने का ही अभिशाप है कि भाजपा आज अल्पमत में है और एनडीए का गठबंधन सरकार चलाने को अभिशप्त भी। इसलिए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार को लाने और भाजपा को व्यापक सियासी आधार प्रदान करने में मोहन भागवत की शानदार रणनीतिक भूमिका है। देखा जाए तो लगभग 75 वर्ष की आयु में भी वो जितने सक्रिय हैं, आरएसएस को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रयत्नशील हैं, वह बहुत बड़ी बात है। इससे यह महसूस होता है कि कांग्रेस नेताओं का निशाना अचूक था, लेकिन महाराष्ट्र के एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उनके इस महत्वपूर्ण मिशन की हवा निकाल दी। बता दें कि इससे पहले भी कांग्रेस सरकार दो-दो बार आरएसएस पर राष्ट्रीय प्रतिबंध लगा चुकी है। राजनीतिक टीकाकार बताते हैं कि जहां 1989 में भागलपुर सांप्रदायिक दंगे को नियंत्रित करने में विफल रही कांग्रेस सरकार ने इसकी पूरी राजनीतिक कीमत चुकाई और हिंदी पट्टी से खत्म हो गई। उसके बाद से केंद्र में भी कभी अपने दम पर सत्ता में नहीं लौटी। इसलिए मुस्लिम परस्त राजनीति करने की आरोपी कांग्रेस और उसके सियासी सहयोगियों को जब भी गठबंधन करके सत्ता मिलती है तो हिंदुओं को कमजोर करने के लिए वह तरह तरह के एकपक्षीय कानून लाने की कोशिश करती है। इससे उसकी सियासी छवि भी प्रभावित हुई है। वहीं, आरएसएस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अपने विरुद्ध हुए तमाम सियासी व प्रशासनिक षड्यंत्रों के बावजूद वह भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बना हुआ है जिसका मूल ध्येय राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और विश्व कल्याण है। भाजपा को उसका राजनीतिक मुखौटा करार दिया जाता है। वह 2014 की तरह ही 2029 के पहले भी भाजपा में अमूलचूल परिवर्तन का हिमायती है, ताकि उसकी सत्ता को चिरस्थाई स्वरूप प्रदान किया जा सके।

## मुकेश अमन
## दुर्गम-पथ
## कविता



बैठे-बैठे कुछ ना होगा।
अब तो सबको उठना होगा।।

देख रहे हो खड़े सामने,
संकट सारे सिर फैलाए।

राई से पर्वत की मानिंद
बढ़ रही है यह बाधाएं।।

अंतस की निद्रा को त्यागो
बहुत जरूरी जगना होगा।

भौतिकता के अंधेपन में,
सारी दुनिया दौड़ रही है।

सुख को छोड़े दुख से दामन,
अपना नाता जोड़ रही है।।

दिखना-बिकना, नई बुराई,
इससे साथी लड़ना होगा।

सबसे पहले खुद से लड़ना
घर से यह शुरूआत करें

बहुत कठिन है बहुत जरूरी
मिलकर सबसे बात करें

दुर्गम पथ के पत्थर-पत्थर
हिम्मत रखकर चलना होगा।

बैठे-बैठे कुछ ना होगा
अब तो सबको उठना होगा।।

# अब घर पर मिलेगा, मिनटों में असर दिखाएंगे ये घरेलू फेस पैक

आप कुछ फेस पैक आसानी से घर पर बना सकती हैं और यह कुछ ही मिनटों में अपना असर दिखाते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपनी स्किन को निखारना चाहती हैं, तो कुछ आसान और असरदार घरेलू नुस्खा अपना सकती हैं। सुंदर और गोरी स्किन पाना हर किसी की चाहत होती है। लेकिन बिना केमिकल के स्किन को खूबसूरत बनाना सबसे अच्छा होता है। घरेलू फेस पैक आपकी स्किन को जल्दी और नेचुरल तरीके से साफ और ग्लोइंग बनाते हैं। यह फेस पैक आप आसानी से घर पर बना सकती हैं और यह कुछ ही मिनटों में अपना असर दिखाते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपनी स्किन को निखारना चाहती हैं, तो कुछ आसान और असरदार घरेलू नुस्खा अपना सकती हैं। आप भी इनको आजमाकर फर्क साफ महसूस कर सकती हैं।


**बेसन और दही का फेस पैक:** सबसे पहले बेसन और दही को बराबर मात्रा में लेकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब इसको अपने फेस पर लगाएं और 15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। यह फेस पैक न सिर्फ स्किन की गंदगी को साफ करता है, बल्कि इससे आपकी स्किन भी साफ और निखरी हुई नजर आती है।

**हल्दी और दूध का फेस पैक:** दूध के साथ थोड़ी सी हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने फेस पर लगाएं और 10-15 मिनट के लिए सूखने के लिए छोड़ दें। हल्की आपकी स्किन को नेचुरली तरीके से साफ करने में मदद करती है और इस फेस पैक से दाग-धब्बे भी कम होते हैं।

**आलू और नींबू का फेस पैक:** आलू को कद्दूकस करके इसका रस निकाल लें। आलू के रस में नींबू का रस मिलाएं और फेस पर अप्लाई करें। फिर 15 मिनट बाद इसको ठंडे पानी से धो लें। यह फेस पैक आपकी स्किन को हल्का गोरा बनाता है और दाग-धब्बों को दूर करता है। क्योंकि नींबू में विटामिन सी पाया जाता है, जोकि हमारी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**शहद और ओट्स का फेस पैक:** थोड़ा शहद और ओट्स लेकर पेस्ट बनाएं और इसके करीब 20 मिनट के लिए फेस पर अप्लाई करें। शहद आपकी स्किन को सॉफ्ट बनाता है। वहीं ओट्स से स्किन की डेड सेल्स हटती है और स्किन ग्लोइंग बनती है।


**दही और ओट्स का फेस पैक:** दही और ओट्स को मिलाकर अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए अप्लाई करें। इस फेसपैक से भी आपकी स्किन साफ होती है। बता दें कि दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, जोकि स्किन को धीरे-धीरे गोरा बनाता है।



# मसूरी से 84 किमी दूर यह हिल स्टेशन प्रकृति प्रेमियों के लिए है स्वर्ग, आप भी प्लान करें ट्रिप

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बरनीगढ़ की खासियत से लेकर इसकी खूबसूरती और आसपास मौजूद कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। आप चाहें को वीकेंड पर बरनीगढ़ को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

देहरादून से करीब 33 किमी दूर स्थित मसूरी उत्तराखंड का एक फेमस और खूबसूरत हिल स्टेशन है। दिल्ली एनसीआर से लेकर देश के अन्य कई राज्यों से भी पर्यटक मसूरी घूमने के लिए पहुंचते हैं। कुछ लोग मसूरी की कुछ फेमस जगहें हैप्पी वैली या धनौल्टी को एक्सप्लोर करते हैं। लेकिन 85 किमी दूर स्थित बरनीगढ़ जैसी बेहतरीन और अद्भुत जगह को भूल जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी मसूरी जाने का प्लान कर रहे हैं, तो आपको बरनीगढ़ को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बरनीगढ़ की खासियत से लेकर इसकी खूबसूरती और आसपास मौजूद कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। आप चाहें को वीकेंड पर बरनीगढ़ को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



**कहां है बरनीगढ़:** बरनीगढ़ की खासियत और इस जगह की खूबसूरती को जानने से पहले आपको बता दें कि इस जगह को कई लोग बनीर्गाड और बरनीगाड के नाम से भी जाना जाता है। यह उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में पड़ता है। यह उत्तरकाशी जिले से करीब 32 किमी दूर है। बरनीगढ़ मसूरी और चकराता हिल स्टेशन से लगभग 108 किमी, बड़कोट से 35 किमी और देहरादून से करीब 129 किमी दूरी पर स्थित है।

**क्यों फेमस है बनीरगढ़:** मसूरी और देहरादून की भीड़-भाड़ से दूर शांत बरनीगढ़ को शांत और मनमोहक वादियों के लिए जाना जाता है। यह उत्तरकाशी जिले का एक छिपा हुआ खजाना माना जाता है। मानसून में यहां की खूबसूरती देखने लायक होती है। यहां पर घास के मैदान, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, नदी और झरने आदि बरनीगढ़ की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। अपनी खूबसूरती के कारण यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। बरनीगढ़ उत्तराखंड की पारंपरिक लाइफस्टाइल के लिए जाना जाता है।

**पर्यटकों के लिए खास है बरनीगढ़:** यह जगह पर्यटकों के लिए कई चीजों के लिए फेमस माना जाता है। जो लोग मसूरी की भीड़ या ट्रैफिक आदि में नहीं फंसना चाहते हैं, तो उनके लिए बरनीगढ़ जन्नत की तरह माना जाता है। यह जगह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। बरनीगढ़ अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर प्रेमियों के लिए परफेक्ट माना जाता है। यहां पर आप हाइकिंग, ट्रेकिंग और कैम्पिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही आप बरनीगढ़ में यादगार फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें:** आप बरनीगढ़ में पांडव निर्मित प्राचीन शिव मंदिर के साथ बरनीगढ़ व्यू पॉइंट देख सकती हैं। बरनीगढ़ के आसपास आप खाबला गांव, लाखा मंडल मंदिर, नौवगांव, कलोगी गांव और देवल व्यू पॉइंट जैसी बेहतरीन और शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकती हैं।

**ऐसे पहुंचे मसूरी से बरनीगढ़:** बता दें कि मसूरी से बरनीगढ़ पहुंचना काफी आसान है। आप मसूरी में गांधी चौक से कैब या टैक्सी लेकर जा सकती हैं। या आप चौक से स्कूटी रेंट पर लेकर बरनीगढ़ पहुंच सकती हैं। स्कूटी का प्रतिदिन का किराया 500 रुपए के आसपास होता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डीएम और एसपी ने तहसील मिलक में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनीं जनसमस्यायें

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर**। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील मिलक में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने पूर्व समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की फीडबैक रिपोर्ट की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य रूप से राजस्व, विद्युत, पूर्ति, सिंचाई आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 06 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि जनता को त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान दिलाना है। इस हेतु अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए गए और कुछ मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु राजस्व टीमों का गठन कर स्थलीय जांच के लिए भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में मौजूद थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था संबंधी शिकायतों का निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया जाए। समाधान दिवस के दौरान विद्युत, श्रम एवं पूर्ति विभाग द्वारा जनसहायता के लिए स्टॉल भी लगाए गए, जहां आम नागरिकों को विभागीय योजनाओं, शिकायत निवारण की प्रक्रिया तथा आवश्यक सेवाओं की जानकारी दी गई।

इसी प्रकार तहसील स्वार में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 19 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ0 नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील टाण्डा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 18 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील शाहबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई और 01 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री की पुण्यतिथि पर यज्ञ करते कॉलेज प्रबंधक व स्टाफ

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय श्री हरिपाल शास्त्री की 23 वीं पुण्यतिथि यज्ञ करके मनाई गई। कॉलेज प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री ने कहा कि जनपद बिजनौर में स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री का नाम प्रमुख समाजसेवियों में लिया जाता है। स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री ने अनेक पदों पर असीन रहकर लोगों की तन, मन और धन से सेवा की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री पूर्व विधायक पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर, पूर्व अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक तथा प्रमुख समाजशास्त्री थे। उन्होंने कहा कि हरिपाल शास्त्री महाविद्यालय छात्रों के भविष्य निर्माण में सदैव अग्रणी रहेगा। वंचितों तथा विशेष कर बालिकाओं के लिए यहां का शैक्षिक वातावरण बहुत ही सुगम है। कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री हमारे प्रेरणा स्रोत हैं उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर छात्रों को भी अपने नेतृत्व का विकास करना चाहिए। इस मौके पर समस्त स्टाफ ने स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। यज्ञ कॉलेज पुरोहित सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर रश्मि राजपूत, कॉलेज डायरेक्टर आकाश राजपूत, हंसा राजपूत, कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ आरपी सिंह, डॉ दलीप कुमार, डा शिवाली राजपूत, डॉ ओमपाल त्यागी, सुषैन बाबू शर्मा, सचिन कुमार, नीशु देवल, छाया राजपूत, सोनू कुमार, ललित शर्मा, रुचि राजपूत, शनि चौहान आदि उपस्थित रहे।

# महिला थाना, रामपुर में किया गया परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन




वेलकम इंडिया

**रामपुर**। पुलिस अधीक्षक, रामपुर विद्यासागर मिश्र के निर्देशन में महिला थाना, रामपुर में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। परिवार परामर्श समिति द्वारा पति-पत्नी के विवादों मे काउन्सलिंग करायी गयी। समिति द्वारा 14 प्रकरणों में सुनवाई की गयी। जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों में समझौता हुआ, 04 निरस्त, 02 प्रकरण में एफ.आई.आर तथा 03 प्रा०पत्र में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनु तोमर, काउन्सलर अवतार सिंह, श्रीमती नीना साहनी आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही किसान सम्मान निधि योजना: हरीश

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि जारी की है। इसके तहत रामपुर के 2,45,947 किसानों के खातों में 4.90 करोड़ रुपए आए हैं। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना देश के किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही है। केंद्र सरकार की ओर से किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी, जिसमें प्रत्येक लाभार्थी के खाते में यह धनराशि भेजी जाती है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि जारी की, जिसमें रामपुर के 2,45,947 किसानों के खातों में 4.90 करोड़ रुपए आए हैं। इस कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा में सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजा वर्मा भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राजा वर्मा ने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के शुरू की गई है। जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि किसानों का परिश्रम देश की रीढ़ है। उन्हें तकनीक और नवाचार से जोड़ने की दिशा में सरकार के निरंतर प्रयास जारी हैं। ऐसे में किसान सम्मान निधि योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि देश के अन्नदाता के प्रति सम्मान का प्रतीक है। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यदुवंशी, उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत शरण, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक नरेंद्र सिंह समेत क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# बस्ती डीआईओएस ने संतकबीरनगर को भेजा जीपीएफ भुगतान का 3 करोड़

वेलकम इंडिया



**बस्ती**। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के लम्बे संघर्षो के जीपीएफ भुगतान को लेकर माध्यमिक शिक्षकों को राहत मिली। संगठन के प्रयास से जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती ने संत कबीर नगर जीपीएफ खाते में ?3 करोड रुपए की धनराशि अंतरित की है। इस धनराशि से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, संस्कृत माध्यमिक विद्यालय एवं संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के जीपीएफ का भुगतान हो सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार जिला विद्यालय निरीक्षक संत कबीर नगर ने अंतरिम व्यवस्था बनाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लिए ?2 करोड़, संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के लिए ?50 लाख एवं संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए ?50 लाख रुपये (कुल तीन करोड मात्र) की माँग की गयी थी, जिसे कोषागार में भेज दिया गया है। जनपद विभाजन से पहले संत कबीर नगर जनपद के जीपीएफ ब्याज का ?68 करोड़ 96 लाख 62 हजार रुपए बस्ती कोषागार में फंसा पड़ा है। प्रकरण को लेकर विधान सभा से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय तक घमासान मचा हुआ है। मामले में शासन ने भी जवाब दे ही तय करने के लिए विभाग को पत्र लिखा है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि प्रकरण को लेकर 2016 से संघर्ष कर रहा हूं। संघर्षों के दम पर 2020 में 5 करोड़ रूपया बस्ती कोषागार से लेकर आया था, जिससे अब तक भुगतान हो रहा था। अब वह धनराशि भी खत्म हो गई है। जिससे सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों, स्थाई व अस्थाई जीपीएफ लोन लेने वाले शिक्षकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उनके रुपए का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने कहा कि अंतरिम व्यवस्था बनाने के लिए बस्ती से तीन करोड़ रूपया मंगाया गया है। इससे तत्कालीन समस्या का समाधान हो जाएगा लेकिन अभी हमें 68 करोड़ 96 लाख 62 हजार की दरकार है. शासन से लेकर वित्त नियंत्रक तक से पत्र व्यवहार किया जा रहा है। जल्दी समस्या का समाधान हो जाएगा।

# बिजनौर में फलों के जूस की आड़ में लोगों को पिलाया जा रहा है जानलेवा केमिकल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**बिजनौर :** बिजनौर मे फलों के जूस की आड़ में जानलेवा केमिकल की एक वायरल वीडियो के जरिए दिख रहा है कि लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है जिसमें मौसमी के जूस पाइनएप्पल का जूस तथा अन्य फलों के जूस के नाम पर एक ड्रम में केमिकल मिलाकर नकली जूस बनाया जा रहा है। इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एस. पी. सिटी संजीव वाजपेई ने बिजनौर नुमाइश इंचार्ज राजीव सिंह एवं फूड इंस्पेक्टर की टीम को संयुक्त रूप से उसकी जांच कर और सैंपल भरने के लिए भेजा दोनों टीमों ने मिलकर बिजनौर के नुमाइश ग्राउंड में लग रही नुमाइश के अंदर इस जूस वाले की दुकान पर जाकर कई सैंपल लिए और उन्हें जांच के लिए लैब भेज दिया। आप देख सकते हैं और सुन भी सकते हैं कि यह जूस विक्रेता 10-10 रुपए में हर फलों के जूस की आवाज लग रहा है जबकि असलियत में एक गिलास जूस की कीमत 50 से 60 रुपए है अब देखना है लैब में जांच के बाद इस जूस विक्रेता पर क्या कार्रवाई होती है जो पब्लिक को जूस के नाम पर केमिकल पीला रहा है और लोगो की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। एसपी सिटी संजीव वाजपेई ने बताया कि जूस का सैंपल भरकर जांच के लिए भेजा गया है। फूड इंस्पेक्टर को अवगत कराया है कि नुमाइश में जूस के लगे सभी स्टालों को मानक अनुसार चेक करे।

# तहसील समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें दर्ज 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नगीना**। संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें दर्ज की गई। तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को आना था। लेकिन किसी कारणवश दोनों अधिकारी नहीं आ सके। तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी जसजीत कौर के किन्ही कारण वंश नहीं आने से शिकायतकताओं मायूस चेहरे दिखाई दिए और 2 बजे तक आने का बेसब्री से इंतजार करते देखे गए बाद में जिलाधिकारी के ना से मायूस होकर से घरों को लौट गए।

शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम आशुतोष जैयसवाल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें दर्ज की गई, मौके पर कुल 3 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका शेष पेंडिंग शिकायतें संबंधित बिभाग के अधिकारियों को समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए भेज दी गई। इस अवसर पर उपमुख्य चिकित्साधिकारी आर सी विश्वकर्मा, जिला विधालय निरीक्षक जयकरण सिंह, डीपी आर ओ दमन प्रीत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल सिंह, बीडीओ ज्योति चौधरी, अमर पाल सिंह, एसडीएम न्यायिक / अधिशासी अधिकारी रामाश्रय, सीओ अंजनी चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व सर्किल क्षेत्र के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# छत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारो की चपेट में आने से युवक की मौत



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** थाना क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर में एक दुखद घटना में 15 वर्षीय युवक दिलशाद की बिजली की तार की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना उस समय घटी जब दिलशाद, जो कि स्व. फुरकान का बेटा था। अपनी छत पर घूमने गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलशाद का पैर अचानक फिसल गया और वह 440 वोल्ट की विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया जो छत के ठीक ऊपर गुजर रही थी। इसके परिणामस्वरूप उसकी मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई। यह घटना सुनकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई और स्थानीय निवासियों ने इसकी निंदा करते हुए बिजली की इस लाइनों को हटाने की मांग की है। गांव वालों का कहना है कि बिजली की लाइनों का इस तरह से घरों के ऊपर गुजरना बहुत खतरनाक है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए ताकि ऐसी घटनाएँ भविष्य में न हों।

# यूनिवर्सल एकेडमी में नवगठित छात्र परिषद के अलंकरण समारोह आयोजित

वेलकम इंडिया :नितिन शर्मा



**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में नए सत्र 2025_26 के लिए नए काउंसिल मेंबर का गठन किया गया। नव चयनित पदाधिकारीयो को स्कूल काउंसिल में शामिल करने के लिए दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि राकेश कर्णवाल रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित युवा नेता को बधाई दी तथा अपनी जिम्मेदारियां को सही ढंग से निभाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक राकेश कर्णवाल प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल द्वारा भगवान गणेश के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कक्षा 8 के छात्राओं द्वारा अति मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुति द्वारा नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया गया। नवगठित पदाधिकारी द्वारा हाथ में स्कूल ध्वज लेकर मार्च पास किया गया। चारों सदनों के नव चयनित कप्तान ने अपने-अपने सदन का नेतृत्व किया। इस समारोह में कक्षा 12 के आकाश तोमर हेड बॉय, कनिका हेड गर्ल, कक्षा 11 के गीतांश हेड बॉय, रितिका वाइस हेड गर्ल, कक्षा 12 के मुकुल और रानू चौधरी स्पोर्ट्स कैप्टन, कक्षा 11 के आदर्श और खुशी परवाल वाइस स्पॉट कैप्टन, कक्षा 12 के रचित और कशिश कल्चर कैप्टन, कक्षा 11 की शेखर इशिता वॉइस कल्चर कैप्टन तथा कक्षा 12 की डिसिप्लिन इंचार्ज आर्यन परवाल, शिवि गर्ग अपने सदस्यों रिया, अंजली, आर्यन, गौरी, आयुषी, ईशा, मनीषका, शुभराज दलाल के साथ चुने गए। चारों सदनों में जल सदन से मयूर, तृप्ति हाउस कैप्टन, अखिल अड़वाल, रिद्धि वाइस हाउस कैप्टन, अग्नि हाउस से सक्षम और सारा अफजाल हाउस कैप्टन, ताशु और कनिका वाइस हाउस कैप्टन, वायु सदन से चित्रांश, अवनी हाउस कैप्टन अविरल और दिया वॉइस हाउस कैप्टन, पृथ्वी सदन से कृष्णा, सारा खान हाउस कैप्टन, जसप्रीत ग्रेसी वाइस हाउस कप्तान चुने गए। इसके अलावा सभी कक्षाओं से स्कूल प्रीफेक्ट्स व असेंबली इंचार्ज भी बनाए गए। सभी नवचयनित सदस्यों को उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने पद के दायित्व निर्वहन में गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया



**नजीबाबाद**। युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसियों ने नगीना निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व ए.आई.सी.सी. सदस्य जनाब मुफ्ती मोनीस के निधन पर शोक व्यक्त किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करने और उनके परिवार जनों को सब्र – ए – जमील अता करने की दुआ की। अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि उनका निधन पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। वह जनपद में कांग्रेस के एक मजबूत एवं समर्पित सिपाही थे। शोक सभा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, ब्लॉक अध्यक्ष फैज अंसारी एडवोकेट, ? जिला महासचिव शारिब अंसारी एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष रिहान जमाल अंसारी, जिला सचिव एम अकरम खां एडवोकेट, फराज हुसैन एडवोकेट, विश्व मोहन, वसीम अख्तर, राकेश शर्मा, शाही दिलशाद, हिफजुर्रहमान फरीदी, गोविंद सिंह कुशवाहा, अमजद सिद्दीकी, नदीम फारुकी, नईमुल अख्तर, रिहान नवाज एडवोकेट, वसीम अहमद, शारिक अहमद आदि रहे।

# जे.एम.एस.आई.टी.गाजियाबाद में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के एन एच9 के हाइवे पर जे.एम.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद में शैक्षणिक सत्र 2025झ्र26 के बी.बी.ए, बी.सी.ए., बी.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस), बी.एस.सी. (बायोटेक्नोलॉजी), एवं बी.पी.ई.एस. पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक प्रणाली, अनुशासन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और संस्थागत मूल्यों से परिचित कराना था।कार्यक्रम का शुभारंभ एन.आर.ई.सी., खुर्जा से सेवानिवृत्त असिस्टेंट प्रोफेसर एवं मोटिवेशनल स्पीकर ए.बी. भटनागर के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं लक्ष्य-निर्धारण के माध्यम से सफलता की राह अपनाने की प्रेरणा दी। उनके शब्दोंसपनों को सच करने के लिए पहले उन्हें देखना जरूरी है ने छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया। संस्थान के चेयरमैन श्री राकेश सिंहल जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा, नैतिकता और समय प्रबंधन की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा, कॉलेज जीवन की शुरूआत ही भविष्य की नींव रखती है। यही समय है जब विद्यार्थी अपने जीवन की दिशा तय करते हैं।डॉ. सुभाष गौतम जी, महानिदेशक, जे.एम.एस. ग्रुप ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए इसे भारत के शिक्षाविदों की दूरदर्शिता का परिणाम बताया और सभी नवागंतुक विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।संस्थान के महासचिव डॉ. हिमांशु सिंहल जी ने अपने प्रेरक वक्तव्य में शिक्षा के सामाजिक उत्तरदायित्व और व्यापक दृष्टिकोण की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा, कॉलेज जीवन केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, दृष्टिकोण विस्तार और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का मंच है। प्राचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह क्षण विद्यार्थियों के जीवन में परिवर्तन की शुरूआत है। उन्होंने संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु कार्यशालाएं, नवाचार आधारित कार्यक्रम और विविध गतिविधियों की जानकारी दी।निदेशक डॉ.अनिरुद्ध बिस्वास जी ने छात्रों को तकनीकी दक्षता, निरंतर प्रयास और आत्म-नवीनता की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के अध्यक्ष अंकुर चौधरी ने पीपीटी के माध्यम से संस्थान के पाठ्यक्रमों और इसकी विजन, मिशन व लक्ष्य की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिकाएँ अनमोल कालरा और सुश्री साक्षी शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया। संस्थान की सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष अनमोल कालरा व उनकी टीम, कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा के नेतृत्व में की गई व्यवस्थाओं ने टीमवर्क की उत्कृष्ट मिसाल पेश की और कार्यक्रम को सफल बनाया।इस अवसर पर संस्थान के समस्त पदाधिकारी, शिक्षकगण व सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

# कृषि अनुसंधान केंद्र पर आयोजित किया प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर नगीना। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त के निर्गमन कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र नगीना के नगीना मंडल में स्थति कृषि अनुसंधान केंद्र में आयोजित ₹प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस₹ में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान व मंडल अध्यक्ष अंजली मित्तल ने अतिथि के रूप में पहुंचकर उपस्थित किसान भाइयों के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा उत्तर प्रदेश वाराणसी के सेवापुरी विकासखंड के बनौली गांव से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की , माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से लाइव प्रसारण देखा। इस योजना के तहत पात्र किसानों को हर साल ?6,000 की सहायता दी जाती है, जो तीन किस्तों में दी जाती है। प्रत्येक किस्त में ?2,000 की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में ऊइळ के जरिए ट्रांसफर की जाती है। 24 फरवरी, 2019 को माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा पीएम-किसान योजना गोरखपुर में ढट किसान की पहली किस्त जारी की गई थी। इस योजना से उत्तर प्रदेश के 2.29 करोड़ एवं देश के 9.71करोड़ परिवार लाभान्वित होंगे । इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल , पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल , नीरज विश्नोई व शिवशंकर ,अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री कयूम राइन , मंडल महामंत्री सचिन शर्मा , मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा व सोहन सैनी , नगर मंत्री जितेंद्र राठी ,अतुल अंजान , पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रहलाद कुशवाहा , चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक डॉ भूपेश चौहान, आदि राठौर, आदि उपस्थित रहे।

# बेखौफ पति ने पत्नी पर सड़क पर किया चाकू से हमला, हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के स्योहारा यहां नूरपुर मार्ग स्थित ठाठ चौराहे पर सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बाइक सवार युवक ने चलती मेट्रो से उतर रही महिला पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बबीता (28) निवासी हरौली ने करीब दस साल पहले कासमाबाद निवासी राजबीर से प्रेम विवाह किया था। दोनों के दो बच्चे भी हैं। लेकिन समय के साथ राजबीर की शराब की लत ने परिवार को बबार्दी के कगार पर पहुंचा दिया। बताया जाता है कि शराब के लिए राजबीर ने अपना मकान तक बेच दिया, जिससे बबीता और बच्चे सड़क पर आ गए। घरेलू विवाद बढ़ता देख मामला कोर्ट तक पहुंच गया। सोमवार शाम बबीता सीओ ऑफिस धामपुर में बयान दर्ज कराकर मेट्रो रिक्शा से अपने गांव लौट रही थी। तभी ठाठ चौराहे के पास राजबीर ने अचानक रास्ता रोककर उस पर चाकू से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने राजबीर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल बबीता को राहगीरों, पुलिस और 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पीड़िता के भाई गौरव ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार राजबीर पर पहले से भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# हाईटेंशन लाइन ने छीनी जानः गाड़ी में कबाड़ भरते वक्त करंट लगने से युवक की मौत

**वेलकम इंडिया**





बुलंदशहर नरसेना..थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कबाड़ी का काम करने वाला युवक गाड़ी में कबाड़ भर रहा था, तभी ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से लोहे का पोल टकरा गया। करंट लगते ही युवक बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। क्षेत्र के दौलतपुर कलां निवासी आस मोहम्मद (28) पुत्र जारीफ खां गांव में ही जहांगीराबाद रोड पर कबाड़ी की दुकान चलाता था। दुकान पर उसका छोटा भाई और छोटी बहन भी काम करते हैं। सोमवार को वह दुकान के बाहर गाड़ी में कबाड़ भर रहा था, तभी एक लोहे का पोल ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन से छू गया। करंट इतनी तेजी से फैला कि आस मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक दो बच्चों का पिता था और घर का सबसे बड़ा बेटा था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में हाईटेंशन लाइन काफी नीचे से गुजर रही है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। पूर्व में भी इसी लाइन की चपेट में आकर हादसे हो चुके हैं, लेकिन बिजली विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। अब गांव के लोग इस लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

> परिजनों के द्वारा अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया -**रितेश कुमार सिंह थानाप्रभारी नरसेना**

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित 02 बाल गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय, उ0नि0 इल्ताफ खाँ, म0हे0का0 अंजू सिंह ने मु0अ0सं0 696/2025 धारा 70(2), 115(2) बीएनएस व 5छ/6 पाक्सो एक्ट व 5छ/6 पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद के मामले में वांछित 02 बाल अपचारियों को नियमानुसार अभिरक्षा में लेकर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादी द्वारा दिनाँक 28.07.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 27.07.2025 को उक्त दोनो बाल अपचारी व 02 अन्य के विरुद्ध वादी की पुत्री से दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# फर्जी ड्रोन पोस्ट करने वालों पर मेरठ पुलिस का शिकंजा, 15 मुकदमे दर्ज, 8 गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** ड्रोन को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ मेरठ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर की गई फर्जी पोस्ट्स की जांच कर 15 एफआईआर दर्ज की हैं और अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की साइबर टीम द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत ड्रोन से जुड़ी सोशल मीडिया गतिविधियों की लगातार मॉनिटरिंग की गई। जांच में पाया गया कि इंस्टाग्राम पर 19, फेसबुक पर 7 और ट्विटर पर 2– कुल 28 फर्जी व भ्रामक पोस्टें साझा की गई थीं, जिनमें ड्रोन से जुड़ी झूठी सूचनाएं फैलाई जा रही थीं। इन पोस्टों से आमजन में डर और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इन पोस्टों के आधार पर परतापुर, परीक्षितगढ़, भावनपुर, लोहियानगर, मेडिकल, मुण्डाली, सरधना, किठौर, जानी, कंकरखेड़ा और टीपीनगर थानों में कुल 15 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। मेरठ पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना थाना पुलिस को सूचना दिए ड्रोन उड़ाना, अथवा इससे जुड़ी झूठी या भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर फैलाना दंडनीय अपराध है। भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# पिपैरा संजय हत्याकांड में मुख्य आरोपी रोहित भूरा गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**जहांगीराबाद।** जहांगीरबाद के पिपैरा गांव में हुए सनसनीखेज संजय हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। जहां पकड़े गए पहले आरोपी अमित वाल्मीकि के कबूलनामे में बात सामने आई थी कि चाकू घोपने के बाद सिर पर डंडा मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं अब पकड़े गए मुख्यारोपी रोहित भूरा से पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि पहले चाकू घोंपा फिर भी संजय इधर उधर भागता रहा तो उसके सिर पर डंडे से वार किया। उसके बाद भी मौत नहीं हुई तो गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। अब पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी रोहित राघव उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर लिया है। रोहित राघव भूरा ने पुलिस को बताया कि वह और उसका साथी अमित वाल्मीकि जहांगीराबाद में खरीदारी करने के बाद पिपैरा गांव लौटे थे। अमित वाल्मीकि के पैसे खर्च हो गए। वह काम पर जाने के लिए पैसे देने का दवाब बनाने लगा। दोनों ने बंद पड़े मकान में शराब पीने का प्लान बनाया। इस दौरान अमित ने पैसे खर्च होने की बात कही और दिल्ली जाने के लिए रोहित से पैसे जुटाने को कहा। इसी बीच संजय उर्फ बिल्लू मकान के पास से गुजर रहा था तभी रोहित ने संजय को आवाज देकर मकान में बुलाया और शराब पार्टी की बात कही। वहीं शराब मंगाने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि संजय ने घर से भागने की कोशिश की। तभी अमित ने उसे कोलिया में फंसाकर दबोच लिया। इसके बाद दोनों ने मिलकर संजय पर क्रूर हमला किया। पहले उसकी गर्दन पर चाकू से वार किया, लेकिन संजय तब भी जिंदा था। फिर दोनों ने उसके सिर पर डंडे से प्रहार किया।

# शाहजहांपुर में शुरू हुई आधुनिक अर सैलून एकेडमी



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** नगर पंचायत शाहजहांपुर में शनिवार को आधुनिक अर सैलून एकेडमी का शुभारंभ हुआ। ग्राम नानपुर निवासी वसीम अहमद द्वारा स्थापित इस एकेडमी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को सौंदर्य और ग्रूमिंग क्षेत्र में प्रशिक्षित कर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। उद्घाटन समारोह में वसीम अहमद के पिता अय्यूब अली और मुमताज आलम ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर एकेडमी की शुरूआत की। एकेडमी के संस्थापक वसीम अहमद ने बताया कि संस्थान में हेयर स्टाइलिंग, मेकअप आर्ट, सैलून मैनेजमेंट और ब्यूटी पार्लर से जुड़े विभिन्न व्यावसायिक कोर्स संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, आज के समय में व्यावहारिक हुनर की मांग है। यह एकेडमी युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल युवाओं को रोजगार से जोड़ेगा, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की राह भी दिखाएगा। कार्यक्रम में पूर्व चेयरपर्सन के पति तबारक उल्ला खान, पूर्व प्रधान अब्दुल वाहिद कुरैशी, चेयरमैन वसी उर रहमान, शकील खां सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# सावन के चौथे सोमवार पर शिवभक्ति की लहर, सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए थाना प्रभारी निराला तिवारी

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** सावन मास के चौथे सोमवार को को लेकर शिवभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। श्रद्धा से ओत-प्रोत हजारों शिवभक्तों का काफिला बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ लहरपुर-खीरी मार्ग से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ की ओर रवाना हुआ। भक्ति, आस्था और अनुशासन से भरे इस विशाल जनसैलाब के स्वागत और सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।थाना खीरी प्रभारी निराला तिवारी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालते नजर आए। उन्होंने सुबह से लेकर देर रात तक क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया और जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कराई। अचंभे नाथ पुल से लेकर बॉर्डर क्षेत्र तक उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं को व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर किया।थाना प्रभारी निराला तिवारी केवल व्यवस्थाओं का निरीक्षण ही नहीं कर रहे थे, बल्कि उन्होंने शिविरों में ठहरे श्रद्धालुओं से संवाद भी किया और उन्हें हर संभव सुरक्षा एवं सहयोग का भरोसा दिलाया। उनकी कार्यशैली में समर्पण और मानवीय संवेदनाएं स्पष्ट रूप से झलकती रहीं।सावन के चारों सोमवारों पर कांवड़ यात्रा के दौरान, साथ ही कस्बे में आयोजित बीसवें और मोहर्रम जुलूस के अवसर पर भी निराला तिवारी दिन-रात सड़कों पर डटे रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब तक थाना क्षेत्र में कांवड़ यात्रा को लेकर कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है, जो उनके नेतृत्व में हुई प्रशासनिक सतर्कता का प्रमाण है।स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने थाना प्रभारी की तत्परता, मुस्तैदी और संवेदनशीलता की खुले दिल से सराहना की है। क्षेत्र में उनकी कार्यशैली की व्यापक चर्चा हो रही है, जो जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

# निजी नर्सिंग होम पर प्रसूता की मौत, डॉक्टरों पर गलत ऑपरेशन का आरोप, अस्पताल किया शील

**वेलकम इंडिया**






**जहांगीराबाद।** भईपुर दोराहे स्थित नवदुर्गा नर्सिंग होम में गर्भवती वर्षा (पत्नी नीरज, निवासी गुचावली) की प्रसव के दौरान कथित तौर पर डॉक्टरों की लापरवाही से मृत्यु होने पर परिजनों ने हंगामा काटा। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और एक पुरुष डॉक्टर पर गलत ऑपरेशन करने का गंभीर आरोप लगाया है, जिसके बाद शुक्रवार को अस्पताल में तनाव बढ़ गया। परिजनों के अनुसार वर्षा को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने गांव की आशा कार्यकर्त्री सीमा से संपर्क किया, जिन्होंने वर्षा को भईपुर दोराहे के पास स्थित नवदुर्गा नर्सिंग होम ले जाने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि सीमा स्वयं वर्षा को लेकर अस्पताल गई। वहां देर रात एक पुरुष डॉक्टर गाड़ी से आया था। उसने वर्षा का ऑपरेशन किया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने गलत ऑपरेशन किया, जिससे वर्षा की तबीयत बिगड़ गई। शुक्रवार सुबह 8 बजे वर्षा की हालत गंभीर हो गई और वह अकड़ने लगी। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ से मदद मांगी, लेकिन स्टाफ ने आनन फानन में वर्षा को बुलंदशहर रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही वर्षा ने दम तोड़ दिया। गुस्साए परिजन वर्षा के शव को लेकर वापस नवदुर्गा नर्सिंग होम पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की खबर मिलते ही अस्पताल का स्टाफ मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर स्थिति को नियंत्रित किया। वर्षा के पति नीरज ने बताया कि 6 साल बाद उनकी पत्नी को पहला बच्चा होने वाला था, लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही ने उसकी जिंदगी छीन ली। उन्होंने आशा कार्यकर्त्री सीमा और दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने ली अधिकारियों की बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में डीएम ने सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यालय में नागरिकों द्वारा प्रातः 5:30 बजे और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा साढ़े सात(7:30) बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रातः नौ बजे सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा, जबकि कलेक्ट्रेट परिसर में साढ़े नौ बजे झंडा फहराया जाएगा। इस अवसर पर गांधी जी की प्रतिमा और शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम नुमाइश खेत मैदान में आयोजित किए जाएंगे, जहां ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके उपरांत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्लास्टिक का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर खेल विभाग द्वारा क्रॉस कंट्री दौड़ तथा वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को नगर निकायों के पार्कों, मुख्य मार्गों और कार्यालय परिसरों में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। पुलिस और परिवहन विभाग को यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने, चिकित्सा विभाग को प्रभात फेरी और क्रॉस कंट्री दौड़ के दौरान मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की तैनाती करने, तथा शिक्षा विभाग को स्कूलों में तिरंगा रंगोली और दीवारों पर तिरंगा पेंटिंग करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, परियोजना निदेशक को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तिरंगा राखी निर्माण की कार्यवाही करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा ँ१ँ१३१ंल्लँ.ङ्क पर अपलोड करने की अपील की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों, जनपदवासियों तथा उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारी, निवर्तमान जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार, दलीप सिंह खेतवाल, इंद्र सिंह, भुवन कांडपाल, संजय जगाती, बालादत्त और वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा आदि उपस्थित रहे।

# किसानों ने सुना पीएम संवाद का सीधा प्रसारण



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पीएम किसान सम्मन निधि कार्यक्रम के अवसर पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के किसानों ने शामिल होकर प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण का संवाद सुना। इस अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त भी जारी की गई। जारी की गई किश्त मे 9.70 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खाते में ये धनराशि की किस्त भेजी गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने प्रदेशवासियों को कई सौगाते दी। उन्ही मे लखपति दीदी योजना के बारे में भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला मंत्री अनिल पांडेय, मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता, अनुसूचित मंडल अध्यक्ष राजकुमार कनौजिया, साथ में मोहन पूर्व प्रधान आदि लोग शामिल रहे।

# दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का परामर्श कार्यक्रम सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर शनिवार के दिन ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों का परामर्श कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।जिसमें पचास से अधिक लोग शामिल हुए।समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक रजनीश वैद्य, खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक गांवों के गार्जियन परामर्श कार्यक्रम में शामिल हुए।23 सितंबर को सेमरियावां में मेडिकल कैंप मेजरमेंट एवं सर्टिफकेट बनाए जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा के स्पेशल टीचर धर्मेंद्र कुमार, प्रेम शंकर चौधरी और अमित कुमार द्वार दिव्यांग बच्चों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, छात्रवृत्ति, उपकरण, शैक्षिक सामग्री के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को अपने करीब के विद्यालय में प्रवेश दिलाएं।इन बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें।सामान्य बच्चों की तरह ये बच्चे भी आगे बढ़ सकते हैं। इनके उपकरणों की रखरखाव, खानपान पर विशेष ध्यान दें।दैनिक क्रियाकलाप एवं शिक्षक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# चोरी करने वालें गैंग का पदार्फाश, 5 आरोपी गिरफ्तार, रेकी कर देते थे वारदात को अंजाम

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के त्रिलोकपुर थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की रात जांच अभियान चलाया। इस दौरान सिंगारजोत के पास से शिवकुमार उर्फ बड़कन निवासी तिकुईया, केशव राम उर्फ लंपट निवासी अर्जुनपुर, ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश निवासी खैरी, राकेश गांव और थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर, बूढ़े निवासी गांधी चक थाना खरगूपुर जनपद गोंडा को पकड़ा।

उनके कब्जे से 1.97 लाख रुपये नकदी और आभूषण बरामद किए। पकड़ गए बदमाश रेकी करके वारदात को अंजाम देते थे। पूछताछ के बाद आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय रवाना कर दिया। पुलिस लाइंस सभागार में मामले का खुलासा करते हुए प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि चोरी की घटनाओं का पदार्फाश करने के लिए एसओजी और त्रिलोकपुर पुलिस की टीम लगाई गई थी। इसी बीच एसओ त्रिलोकपुर विपिन प्रकाश सिंह और एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी को मुखबिर से जानकारी मिली कि चोरी से संबंधित शातिर सिंगारजोत की तरफ से पैदल आ रहे है जो अन्य चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर टीम अलर्ट हुई और आजादनगर के पास घेराबंदी कर पांच संदिग्धों को पकड़ लिया। इसके कब्जे से नकदी, आभूषण और उपकरण बरामद किए गए हैं।

# झोलाछाप डॉक्टर ने पिलाई एक्सपायर दवा दो दिन के नवजात बच्चे की मौत

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** बेहतर और सस्ते इलाज का दावा कर मरीजों का आर्थिक शोषण और जिंदगी से खेलने वाले झोलछाप का खेल थम नहीं रहा है। आए दिन उनके इलाज में लोगों की जान जा रही है। ऐसा ही एक मामला सिद्धार्थनगर में हुआ जहां एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से दो दिन के नवजात शिशु की मौत हो गई। शनिवार शाम को कोड़रा ग्रांट ग्राम पंचायत के सेखोनिया चौराहे पर यह दुखद घटना हुई।

बुकनिहा खालसा गांव थाना चिल्हिया निवासी रामबहादुर के नवजात बेटे को हल्का बुखार था।परिजनों ने पास के कोड़रा चौराहे से एक झोलाछाप डॉक्टर को घर पर बुलाया। परिवार का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना किसी परीक्षण के बच्चे को एक्सपायर और गलत दवा पिला दी। दवा पिलाने के कुछ ही मिनटों में बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। जब तक परिजन कुछ समझ पाते, उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना के बाद आरोपी डॉक्टर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों ने इस मामले में एसओ और सीएमओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने झोलाछाप के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसी त्रासदी न झेलनी पड़े। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत चौरसिया ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि झोलाछाप द्वारा दवा दिए जाने की पुष्टि होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भैंस चराने गई किशोरी से गांव के ही व्यक्ति ने किया दुष्कर्म, पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

**कठेला समयमाता/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर मे एक बार फिर शर्मशार घटना हुआ है। थाना क्षेत्र कठेला समयमाता अन्तर्गत एक गांव में 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वहीं आरोपी गांव का ही 50 वर्षीय व्यक्ति है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आपको बता दें कि घटना शुक्रवार की है। पीड़िता किशोरी अपनी भैंस चराने सिकरी नाले के पास गयी थी। दोपहर लगभग 3 बजे अपने ही गांव के 50 वर्षीय व्यक्ति ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया। घटना के बाद किशोरी रोते–बिलखते हुए घर पहुंची और अपने परिवार को पूरी घटना बतायीं। जिसको लेकर पीड़िता के पिता ने थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी कठेला समयमाता अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# प्रकृति सर्वशक्तिमान, बेहतर के लिए संरक्षण जरूरी :- बोहरा

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर, राजस्थान।02 अगस्त, 2025** । जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर सेएक घर एक पौधा अभियान के तहत के शनिवार को महाबार स्थित नारनोणी बोथरा परिवार के श्री वांकल माता मन्दिर परिसर में पूर्व पार्षद सुरेश बोथरा एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां अलग-अलग किस्म के पौधे लगाकर उनके संरक्षण की व्यवस्था की गई। संस्थान अध्यक्ष व पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि जन-जन में पौधारोपण के प्रति बढ़ती जागरूकता बहुत ही आनन्द का विषय है। अधिक से अधिक पौधारोपण से हमारा परिवेश बेहतर होगा। अमन ने कहा कि प्रकृति सर्वशक्तिमान है, इसे बेहतर बनाने के लिए हमें संरक्षण करना बेहद जरूरी है। पेड़ों को काटने की बजाय हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगें। पूर्व पार्षद सुरेश बोथरा ने बताया कि वांकल माताजी मन्दिर परिसर को हरा-भरा बनाने को लेकर शनिवार को जन कल्याण संस्थान बाड़मेर की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। बोथरा ने बताया कि इससे पूर्व भी परिसर में अलग-अलग किस्म के कई पेड़-पौधे लगाएं जा चुके है। इस दौरान सुरेश बोथरा, मुकेश अमन, अंकित बोथरा, मांगू सिंह, संजीत, कर्ण आदि उपस्थित रहे।

# यूपी की खराब कानून व्यवस्था को लेकर अपर मंडलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ अरविंद कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा पं० नरेश चंद शर्मा एड

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़ मेरठ हापुड़ ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के एक डेलिगेशन ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के नेतृत्व में महामहिम राजपाल महोदया लखनऊ को संबोधित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा ! आपको बता दे कि ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने नगर पालिका हापुड़ स्थित महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण किया ! प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यूपी के शुगर मिलों पर किसानो का करोडों रुपये बकाया भुगतान होने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है ! यूपी के सहकारी केंद्रों पर काला बाजारी के चलते किसानो को यूरिया डी ए पी नहीं मिल रहा है ! हापुड़ पिलखुवाँ मोनाडे यूनिवर्सिटी के चेयरमैन सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी के बाद भी नए सत्र 2025 वाँ 2026 को हजारों छात्र छात्राओं के भविष्य को देखते हुए प्रतिबंध लगाया जाए !यूपी कानून व्यवस्था ध्वस्त है।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त हस्तांतरण पर प्रधानमंत्री के सम्बोधन का किसानों ने देखा सीधा प्रसारण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द** मेहता, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के कृषि विज्ञान केन्द्र, काफलीगैर, में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 20 वीं किश्त के हस्तांतरण के अवसर पर किसानों को संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी एन एस. नबियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा की कृषको को वैज्ञानिक खेती से जुड़कर उत्पादन एवं आय को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कृषको को स्वैच्छिक चकबंदी करने की सलाह दी ताकि खेती में लागत कम हो सके। विशिष्ट अतिथि मुख्य कृषि अधिकारी राजेन्द्र उप्रेती ने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाकर कृषक अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कृषकों से कृषि में आधुनिक मशीनीकरण से खेती करने की सलाह दी जिससे श्रम व समय की बचत हो सके। प्रतिशील किसान नन्दन सिंह ने आय बढ़ाने हेतु समेकित कृषि प्रणाली व फसल बीमा अपनाने को कहा। वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ राज कुमार ने पी एम. कहा कि किसान सम्मान निधि से प्राप्त धनराशि का उपयोग खेती से संबंधित आवश्यक वस्तुओं जैसे बीज, खाद, कीटनाशक इत्यादि को खरीदनें में ही करना चाहिए। डॉ. नवल किशोर सिंह ने पशुपालन व मुर्गी पालन की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ हरीश चन्द जोशी ने फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी।

# डीएम एसपी एसडीएम ने तीनों तहसील समाधान दिवस में आई 111 शिकायतो में 32 का मौके पर प्राथमिकता के आधार पर कराया

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़**/उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पीड़ित को तत्काल न्याय एवं सरकार की योजनाओं को धरातल पर पात्रों तक पहुंचाने को लेकर संचालित कराए जा रहे। थाना समाधान दिवस/तहसील समाधान दिवस का प्रदेश में आयोजन लगातार कराया जा रहा है। और जनपद के आला अधिकारीयों को पीड़ितों की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए दिशा निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में जनपद हापुड़ की तीनों तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में 111 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 32 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। और अन्य शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के दिशा निर्देश जारी किए गए। आपको बता दें कि जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित तहसील समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद को जिला अधिकारी अभिषेक पांडे, एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। जिसमें हापुड़ तहसील में 60 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 24 का निस्तारण मौके पर कराया गया।गढ़मुक्तेश्वर तहसील में 24 शिकायतें आई जिनमें 5 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कराया गया। धौलाना तहसील में 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का मौके पर एडीएम एवं एसडीएम के द्वारा निस्तारण कराया गया। इसी क्रम में तीनों तहसीलों में आने वाली शिकायतों को जिला अधिकारी अभिषेक पांडे एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह एवं उपजिला अधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों के द्वारा तहसील समाधान दिवस में सरकार की मंशा के अनुरूप पीड़ितों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। और तीनों तहसीलों में आई 111 शिकायतों में से 32 का मौके पर निस्तारण कराने के साथ अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध गुणोता पूर्ण निस्तारण कराने को लेकर निर्देशित किया गया।

# हाफिजपुर पुलिस ने 13 वर्षीय किशोर की संदिग्ध मौत से रहस्य का पर्दा उठाते हुए कुकर्मी जीजा मौलाना को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



हापुड़/हाफिजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक गांव में 9 जुलाई 2025 को संदिग्ध परिस्थिति में 13 वर्षीय किशोर की हुई मौत से रहस्य का पर्दा उठाते हुए हाफिजपुर पुलिस ने कुकर्म कर मौत की नींद सुलाने वाले आरोपी जीजा शहजाद मौलाना को गिरफ्तार करने का दावा किया है। विदित रहे कि हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव में एक 13 वर्ष से किशोर की संदिग्धावस्था मौत हो गई थी। जिसमें मृतक किशोर के पीड़ित भाई गाजियाबाद वेव सिटी निवासी ने थाने में तहरीर देखकर उल्लेख किया कि उसका छोटा भाई परिवार की आर्थिक स्थिति तंगी के चलते उसके जीजा शहजादा के पास रहता था। जिसमें 9 जुलाई की सुबह मौलाना शहजाद ने फोन कर बताया कि उसके छोटे भाई की तबीयत खराब होने के चलते मौत हो गई हैं।और वह उसके शव को लेकर गाजियाबाद आ रहा है। कुछ घंटे के बाद शहजाद मौलाना अपने 15-20 सहयोगी के साथ एंबुलेंस से शव को लेकर गाजियाबाद पहुंचा। और शव को जल्द से दफन करने का दबाव बनाने लगा। इसी दौरान शव को नहलाते समय मृतक के शरीर पर चोट के निशान और गुदा से खून बहता दिखाई देने हड़कंप को मच गया। जिसमें मृतक की बहन शहजाद की पत्नी ने दबी जुबान में बताया कि पति शहजाद मौलाना उसके भाई के साथ कुकर्म करता था। और विरोध करने पर मारपीट भी करता था जिसके चलते उसकी मौत हुई है।

# हवलदार अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज में 69 वीं मंडलीय विद्यालयी तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**बरेली।** 69 वीं मंडलीय विद्यालयी तीरंदाजी (अंडर 14, 17, 19 आयु बालक/बालिका वर्ग) प्रतियोगिता हवलदार अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज वाहनपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में बरेली मंडल के चारों जनपदों से कुल 29 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिओम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का संचालन खेलकूद प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक शैलेन्द्र सिंह चौहान, जसवंत सिंह, रेनू दीक्षित, महेंद्र कुमार, केशव देव, मानवेन्द्र सिंह, अभिषेक पांडेय व कर्मचारी नरेन्द्र कुमार नेगी, अरुण कुमार सिंह, ओमकार मिश्रा, रामकिशन ने पूर्ण सहयोग किया। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को वाराणसी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाओं के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रिकर्व राउंड में अंडर 19 में राजकीय इंटर कॉलेज बरेली के अर्जुन सिंह राणा ने प्रथम स्थान, अंडर 17 में हवलदार अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज वाहनपुर बरेली के नैतिक सिंह राणा प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंडियन राउंड

अंदर 14 बालक/बालिका वर्ग में हवलदार अब्दुल हमीद इंटर कॉलेज वाहनपुर बरेली के अमित और शाहजहांपुर की अनन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंदर 17 आयु वर्ग बालक/बालिका में हवलदार अब्दुल हमीद इंटर कालेज वाहनपुर बरेली के अवतार और सलोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंदर 19 वर्ग में बालक/बालिका में शाहजहांपुर के प्रियांशु सिंह और वैष्णवी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओवरआल इस प्रतियोगिता में बरेली के तीरंदाजों ने सर्वाधिक 5 गोल्ड मैडल जीते जबकि शाहजहांपुर 3 गोल्ड जीतकर दूसरे स्थान पर रहा।

# वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**झांसी।** वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स कल्याण समिति उ.प्र. कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राधे कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें समिति की जिला झांसी इकाई के गठन किये जानें का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में वरिष्ठ नागरिकों का जीवन स्तर सुधारने एवं समाज में उनकी गरिमा बढ़ाने हेतु सक्रिय भागीदारी का निर्वहन किया जाए तथा जिन जनपदों में समिति का गठन नहीं हुआ है उन जनपदों में ईकाइयां गठित की जाये। विगत दिवस ललितपुर जनपद इकाई का गठन करने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स कल्याण समिति (पंजी) की झांसी इकाई का सर्वसम्मति से गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर मैथिली शरण मुदगिल, कार्यकारी अध्यक्ष- आनन्द कुमार सक्सेना उपाध्यक्ष- पवन झारखड़िया, के के गेड़ा, जे पी गोस्वामी, एवं अशोक द्विवेदी, जिला मंत्री- प्रदीप कुमार श्रीवास्तव सह मंत्री,- मोहन सिंह, वासुदेव, जयपाल सिंह, संतोष सोनी तथा कोषाध्यक्ष पद पर आलोक अग्रवाल को मनोनीत किया गया।

# आर्थोपेडिक क्लब झांसी व इंडियन आर्थोपेडिक ऐसोसिएशन द्वारा बोन एंड जॉइंट वीकर का आयोजन 4 अगस्त से 10 अगस्त तक होगा

वेलकम इंडिया




**झांसी ।** ऑर्थोपेडिक क्लब झांसी व इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में ₹बोन एंड जॉइंट डे₹ के उपलक्ष्य में 4 अगस्त से 10 अगस्त तक ₹बोन एंड जॉइंट वीक₹ का आयोजन होगा। ये जानकारी डॉ. मयंक बंसल ने पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को दी। डॉ मयंक बंसल ने बताया की यह कार्यक्रम पूरे देशभर में एक साथ मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम कि थीम है ओल्ड इस गोल्ड। इस थीम के अंतर्गत, बुजुर्गों की हड्डियों और जोड़ों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बढ़ती उम्र के साथ हड्डियाँ कमजोर होना, जोड़ो में दर्द या जकड़न जैसी समस्याएँ आम हो जाती हैं। इस सप्ताह का उद्देश्य न केवल हड्डियों को मजबूत बनाना है बल्कि गिरने और फ्रैक्चर की रोकथाम पर भी जागरूकता फैलाना है। सप्ताह भर के कार्यक्रम में 4 अगस्त सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम, मेडिकल कॉलेज में आयोजित होगा। इसके बाद 5 अगस्त को सीएमई, सिविल अस्पताल झांसी में, 6 अगस्त को चिरंजीव अस्पताल में 60+ आयु के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी कैंप, 7 अगस्त को बंसल अस्पताल में निःशुल्क बीएमडी जांच, को 8 अगस्त झांसी रानी रोटरी क्लब के सहयोग से वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की निःशुल्क स्वास्थ्य देखभाल एवं आवश्यकता अनुसार ऑर्थोपेडिक बेल्ट इत्यादि के वितरण हेतु विशेष शिविर व 9 अगस्त को बंसल अस्पताल में पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बढ़ती उम्र में स्वस्थ रहने के संबंध में संगोष्ठी होगी। इसके साथ साथ बुजुर्ग मरीजों के लिए निशुल्क ओपीडी, व आवश्यकतानुसार एक्स रे, ब्लड शुगर, बीपी की जांच 5 अगस्तको मां वैष्णो हॉस्पिटल, 6 अगस्त को चिरंजीव हॉस्पिटल, 7 अगस्त को बंसल हॉस्पिटल में होगी।

# पुलिस एवं प्रशासन तथा एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने बचाव कार्य कर दो लोगों को बचाया




वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** जिले के मनियां थाना क्षेत्र में रांडोली पुलिया से गुजर रहा एक मिनी टैंकर पानी के तेज बहाव में बह गया। उस मिनी ट्रक में चालक-परिचालक सहित चार लोग सवार थे। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी व पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में तत्परता से पुलिस, प्रशासन, रऊफत्रऋ की रेस्क्यू टीम ने बचाव कार्य शुरू किया जिसमें दो लोगों को बचा लिया है, जबकि बाकी दो लोगों की तलाश अंधेरे होने के कारण रोक दी गई थी और सुबह फिर से तहसीलदार मनियां देवेंद्र तिवारी व थानाधिकारी मनियां रामनरेश मीणा के नेतृत्व में पुलिस, प्रशासन रऊफत्रऋ, ठऊफत्रऋ की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया इस दौरान एक अन्य व्यक्ति मुकेश का शव दोपहर रेस्क्यू टीम को मिल गया था, बाकी एक व्यक्ति व गाडी की तलाश की जा रही है, इसमें आक्सीजन सिलेंडर के जरिये भी नदी की तलहटी में तलाश की जा रही है।

# आबकारी नियमों की धज्जियाँ: विभाग की चुप्पी से बढ़ रही अवैध शराब बिक्री

समर्थ कुमार सक्सेना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आबकारी नियमों की अवहेलना खुलेआम हो रही है। लोहार मंडी निकट आर.के.बी.के तेल डीपो, मिल रोड, ऐशबाग, में अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। सरकारी देसी शराब ठेकों से प्रातः 10:00 बजे से पहले और रात्रि 10:00 बजे के बाद भी शराब की बिक्री चोरी-छिपे जारी है, जो कि सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश आबकारी नियमावली का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश आबकारी नियमों के अनुसार शराब की बिक्री केवल निर्धारित समयावधि के भीतर ही की जा सकती है। लेकिन कई क्षेत्रों में सुबह 5:00 बजे से ही शराब बिक्री शुरू हो जाती है और देर रात तक यह सिलसिला जारी रहता है। विभाग की चुप्पी और निरीक्षकों द्वारा कार्रवाई न करना कई सवाल खड़े करता है। इन घटनाओं से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# राम कथा श्रवण से होता है जग का मंगल प्रोफेसर वागीश



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के धौलाना में तुलसी जयंती के अवसर पर तहसील क्षेत्र के नगर पिलखुवा स्थित श्री बाला जी धाम मंदिर परिसर में श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ किया गया। जिसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय रामायण व वैदिक शोध संस्थान अयोध्या एवं संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए समन्वयक व अंतरराष्ट्रीय कवि प्रोफेसर वागीश दिनकर ने कहा कि राम कथा का श्रवण जग का मंगल करता है। ऐसे आयोजन देश की संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। महाकवि तुलसीदास जी की 528 वीं जयंती पर उनको नमन करके हम सब नगरवासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, सुरेशचंद्र गोयल व ओमदत्त शर्मा आदि ने भी विचार रखे। इस दौरान नगर का माहौल राममय नजर आया। लोगों ने महाकवि तुलसीदास को याद किया। इस अवसर पर डॉ. मदनपाल, ललित मोदी, डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह, बालेश कुमार, हिमांशु, धर्मपाल सिंह चौधरी व चंद्रमोहन चौहान आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# किसानो की खुशहाली से ही देश की तरक्की : अखंड प्रताप सिंह

वेलकम इंडिया



**सेवापुरी मिजार्मुराद।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश हैं। किसानो की समृद्धि और खुशहाली से देश विकसित होगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह शनिवार को सेवापुरी विधानसभा के बनौली (कालिकाधाम) में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा में अजगरा विधानसभा सभा क्षेत्र से सैकडों कार्यकर्ताओ संग पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के अंतर्गत रुपया 20,500 करोड़ से अधिक की राशि देशभर के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र अन्नदाताओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से अंतरित की। यह अभूतपूर्व पहल किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता और किसान कल्याण के प्रति समर्पण को दशार्ता हैं। किसानों को समृद्ध बनाने के साथ ही प्रधानमंत्री जी ने काशी में नागरिक सुविधाओं से संबंधित 2,200 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किए। दो हजार से अधिक दिव्यांगजन एवं वृद्धजन को सहायक उपकरण का वितरण किए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश के प्रधानमंत्री व काशी के सांसद का प्रथम आगमन होने से जनता में काफी उत्साह रहा।

# सर्वोदय नगर कॉलोनी में गंदगी देखकर भड़के नगर आयुक्त, कर्मचारियों की लगाई फटकार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** शनिवार सुबह अचानक नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य सीबीगंज की सर्वोदय नगर कॉलोनी पहुंच गए। कॉलोनी की रोड और नालियों में गंदगी देखकर नगर आयुक्त का पारा चढ़ गया। इस मामले को लेकर नगर आयुक्त ने सफाई नायक और कर्मचारियों की जमकर फटकार लगाई। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब दस बजे नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए क्षेत्र में निकले। इस दौरान वह सीबीगंज की सर्वोदय नगर कॉलोनी पहुंच गए। कॉलोनी की सडकों पर कूड़ा और नालियों में गंदगी देखकर नगर आयुक्त का पारा चढ़ गया। जिसके बाद उन्होने मौके पर मौजूद सफाई नायक और कर्मचारियों की जमकर फटकार लगाई। नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. भानू प्रकाश से संबंधित सफाई नायक और कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दोबारा गंदगी मिलने पर कड़ी कार्यवाई करने के भी निर्देश दिए। कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान कॉलोनी की टूटी हुई संडकों को देखकर नगर आयुक्त ने सक्षम अधिकारी को उन्हे जल्द बनवाने के निर्देश दिए हैं। सर्वोदय नगर कॉलोनी के निरीक्षण को लेकर नगर आयुक्त ने बताया है कि कॉलोनी की सडके टूटी हुई है। जिसमें से कुछ को बनाने के टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बाकि बची हुई सडकों को नगर निगम जल्द ही बनाएगा। उन्होने कहा कि कॉलोनी की हर एक सडक को जल्द से जल्द नया बनवाया जाएगा। वहीं सड़कों और नालियों की गंदगी को लेकर उन्होंने कहा है कि संबंधित सफाई नायक और सफाई कर्मचारियों को नोटिस दे दिया गया है यदि भविष्य में उनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो निश्चित ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आवास विकास परिषद की परसाखेड़ा आवासीय योजना में अगले माह से मिलेंगे भूखंड

**बरेली।** एक दशक से भी ज्यादा समय से कागजों में फंसी आवास विकास परिषद की परसाखेड़ा आवासीय योजना को अब धरातल पर उतारने की तैयारी तेज हो चली है। लैंड पूलिंग स्कीम में जमीन देने वाले किसानों को चार सेक्टरों में सितंबर से भूखंड आवंटित होंगे। वहीं अन्य किसानों के लिए भी लैंड पूलिंग स्कीम का विकल्प खुलेगा। यह आवासीय योजना कुल सात गांव ट्यूलिया, धंतिया, हमीरपुर, वोहित, मिलक इमामगंज, फरीदापुर रामचरण, बल्लिया की 561 हेक्टेयर जमीन पर विकसित होनी है। इस योजना को 12 सेक्टरों में विकसित किया जायेगा। शुरूआत ट्यूलिया, धंतिया गांव की जमीन पर बनाए गए चार सेक्टरों (4,5,6,7) से होगी। इन्हीं सेक्टरों में लैंड पूलिंग स्कीम में सबसे ज्यादा 200 से अधिक भू-स्वामियों ने सहमति दी है। सबसे पहले इन्हें ही भूखंड मिलेंगे।

# मुबारक मार्केट के निकट निःशुल्क शीतल जल हेतु सनशाइन प्याऊ का हुआ शुभारम्भ

वेलकम इंडिया

**झांसी!** सनशाइन क्लब झांसी के तत्वावधान में पूर्व अध्यक्ष संजय लिखधारी की अध्यक्षता, संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य व देवेन्द्र जड़िया के संयोजन में आज मुबारक मार्केट के निकट निःशुल्क शीतल जल हेतु प्याऊ का शुभारम्भ राहगीरों को जल पिला कर किया गया।

क्लब की ओर से प्याऊ का शुभारम्भ मातृशक्ति शिखा जड़िया द्वारा आम जन व प्यासे बच्चों को शीतल जल पिला कर किया गया। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए झांसी के व्यस्त स्थानों कचहरी चौराहे, जेल चौराहे, बी के डी चौराहे एवम बड़ा गांव गेट बाहर भी शीतल जल प्याऊ लगाना सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विशाल गुप्ता, संजीव गर्ग एम जी, आशुतोष मोदी एडवोकेट, मुकेश प्रजापति व गौरांग विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी के प्रति आभार क्लब के सचिव अजय राय व संयोजक देवेंद्र जड़िया ने व्यक्त किया।

# बीडीए से बिना नक्शा पास कराए बन रहीं तीन अवैध कॉलोनियों पर गरजा का बुलडोजर

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी और कैंट थाना क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त कर कॉलोनी काटने वालों पर शनिवार को बीडीए की तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है। तीन अलग-अलग जगहों पर धड़ल्ले से चल रही अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलाकर प्राधिकरण की टीम ने अवैध कॉलोनियों को जमींदोज कर दिया। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. के अनुसार, थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव ठिरिया खेतल में मुस्तकीम ने करीब 10 बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग शुरू कर दी थी। यही नही इस जगह पर सड़क, नाली और प्लॉटों का चिन्हांकन तक कर दिया गया था, जबकि बीडीए से न तो नक्शा पास कराया गया था और न ही किसी तरह की स्वीकृति ली गई थी। वहीं क्षेत्र में राधा कृष्ण मंदिर के सामने तुषार अग्रवाल ने भी तीन बीघा जमीन पर कॉलोनी काट दी थी। यहां भी बिना अनुमति सड़क, नाली और गेट बन चुके थे। कुछ इसी तरह का नजारा कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर गांव का है, जहां हरिओम, राजेश मौर्य और राजकुमार ने मिलकर लगभग 50 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी का निर्माण शुरू कर दिया था। प्लॉटिंग का काम पूरा हो चुका था और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने वाला था। सूचना पर शनिवार सुबह बीडीए की प्रवर्तन टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और तीनों जगहों पर बुलडोजर चलवा दिए। प्लॉटिंग की निशानदेही मिटा दी गई और सड़कों को पूरी तरह से तोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता अजीत कुमार, सीताराम, सुरेन्द्र द्विवेदी, सत्य प्रकाश कुशवाहा और सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह चौहान मौके पर मौजूद रहे। बीडीए ने आमजन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी भूखंड या मकान की खरीद से पहले उसकी वैधता की पुष्टि जरूर कर लें।

# जल्द बरेली आ रहे हैं सीएम योगी, शहर वालों को 157 करोड़ से बना अर्बन हाट करेंगे समर्पित

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के इसी महीने बरेली के संभावित दौरे को देखते हुए नगर निगम उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण की योजनाओं की सूची बना रहा है। इसमें स्मार्ट सिटी के 157 करोड़ रुपये से बना अर्बन हाट भी शामिल है। इसके अलावा नगर निगम के 94 विकास कार्यों के लोकार्पण की सूची भी बनाई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर नगर निगम में हलचल बढ़ गई है। इन दिनों नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी समेत विभिन्न विभागों के पूर्ण कार्यों की फाइलें तैयार की जा रही है, ताकि सीएम से उद्घाटन और शिलान्यास कराया जा सके। इसमें सबसे महत्वपूर्ण स्मार्ट सिटी के दो प्रोजेक्ट हैं। जिनमे अर्बन हाट और स्काई वॉक बनकर तैयार हो चुके है। इसके अलावा करीब 100 करोड़ के नगर निगम के विकास कार्यों का शिलान्यास कराने का खाका भी तैयार किया जा रहा है। इसमें सड़क, सीवरेज और लाइटिंग से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इनकी फाइलें विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तैयार कर रहे हैं। वहीं 45.51 करोड़ की सीएम ग्रिड के फेज टू के कार्यों के शिलान्यास को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा कुछ अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण कराने की भी तैयारी विभाग कर रहा है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया है कि मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की सूचना है। इसको लेकर नगर निगम अपनी तैयारी कर रहा है।

# डॉ.के.एन.मोदी ग्लोबल की शाखा प्रीटी पेंग्विंस में टी टॉक कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंग्विंस स्कूल में छात्रों के समग्र विकास के लिए माता-पिता और स्कूल के बीच मजबूत साझेदारी में विश्वास रखते हुए ₹टी टॉक₹ कार्यक्रम आयोजन किया गया । जिसका उद्देश्य माता-पिता और स्कूल प्रबंधन के बीच एक खुला और रचनात्मक संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ के.एन. मोदी फाउंडेशन के प्रबंधक मेघराज जी, चीफ एक्जिक्यूटिव दीपांकर, स्कूल उपप्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा, स्कूल हेड मिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा, आदि के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पी.पी. टी. के माध्यम से स्कूल मे पूरे वर्ष हुई गतिविधियों व उनके उद्देश्य और स्कूल के विजन को अभिभावकों से साझा किया। जिसमे अपने बच्चों को गतिविधि करते देख अभिभावकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 225 से भी अधिक अभिभावकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्कशॉप भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों को मोबाइल से दूर कैसे रखा जाए इस बात पर चर्चा की गई जो आजकल अभिभावकों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। चीफ एक्सिक्यूटिव दीपांकर व उपप्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा ने स्कूल मे आए सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।टी टॉक कार्यक्रम मे स्कूल परिसर के अंतर्गत बच्चों द्वारा बनाए गए क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों को जूनियर शेफ और पुस्तकालय का भ्रमण भी कराया गया। जिसे देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

इस मौके पर स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा ने कहा कि स्कूल बच्चों के लिए शिक्षा के मंदिर के साथ-साथ उनके अंदर अन्य चीजों के विकास करने का भी केंद्र होता है बच्चों को स्कूल में जितनी चीज सीखने को मिलती हैं उतनी कहीं और नहीं मिल पाती ।यह उनके शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास की भी केंद्र होता है इसको ध्यान में रखकर समय-समय पर स्कूल में इस तरह की गतिविधियां कराई जाती है। कार्यक्रम के अंत मे स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा ने अध्यापिकाओं के कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगर पालिका ने हटाया रुक्मणी मार्केट के सामने से अतिक्रमण

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर** । नगर पालिका मोदीनगर द्वारा रुक्मणी मार्केट के सामने किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार प्रयास करने के बाद आखिर शनिवार को तहसील एवं पुलिस प्रशासन व सभासद संघर्ष कमेटी के सहयोग से जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण को हटा दिया गया।

शनिवार को कोतवाली मोदीनगर पास स्थित रुक्मणी मार्केट के सामने ठेला पटरी व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए तहसील प्रशासन सहित थाना पुलिस बल व पालिका कर्मचारी जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे ।जहां उनकी जमकर बहस कब्जा जमाये बैठे ठेला पटरी दुकानदारों से हुई ।लेकिन प्रशासन द्वारा भेजी गई टीम ने जेसीबी मशीन के सहयोग से रुक्मणी मार्केट के सामने किए गए अतिक्रमण को दुकानदारों द्वारा किए गए लाख विरोध के बावजूद हटा दिया ।अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पालिका सभासद संघर्ष समिति से जुड़े सभासदों ने अतिक्रमण हटाने गई टीम को अपना पूरा सहयोग दिया। अतिक्रमण हटाने गयी टीम के मुख्य सदस्यों में तहसीलदार मुकेश शर्मा,लेखपाल मोहित कुमार,सहित नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिका राजस्व निरीक्षक अंकित चौधरी,संपत्ति लिपिक संदीप शर्मा,सफाई नायक दिनेश कुमार,सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश चौधरी, सभासद रजनीशचौधरी,सभासद सुबेसिंह,शहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

# निवाड़ी थाना में गणमान्य व्यक्तियों की मीटिंग हुई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पंचायत निवाड़ी थाने पर एसीपी अमित सक्सेना ने निवाड़ी थान क्षेत्र के गांव के प्रधान नगर पंचायत के अध्यक्ष व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक मीटिंग की। निवाड़ी थाना क्षेत्र में नई पोस्टिंग होने के बाद पहली बार गणमान्य व्यक्तियों के साथ निवाड़ी क्षेत्र में जो रात्रि में ड्रोन उड़ने की जो खबर क्षेत्र में फैली हुई है ।उसको लेकर निवाड़ी थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की एक मीटिंग की। उसमें एसीपी अमित सक्सेना ने कहा जिस गांव में डॉन उड़ने की खबर या चोरी होने की खबर मिले वह डायरेक्ट मुझे कॉल कर सकता है निवाड़ी थाना क्षेत्र के सभी गांव से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों ने भाग लिया। मीटिंग में एसीपी अमित सक्सेना, थाना इंचार्ज संबंधित मनोज शर्मा, निवाड़ी थाना हलके के दरोगा रोहित शुक्ला, भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी, भाकियू किसान सभा युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी, प्रधान नीरज त्यागी, अंकित त्यागी, देवांश त्यागी रोहित त्यागी, जोनी त्यागी, ताहिर खान, नितेश त्यागी, इरफान खान, सत्येंद्र कुमार, प्रधान उपदेश कुमार, प्रधान नवीन त्यागी, मनीष,नितिन, अनिकेत कौशिक, जितेंद्र गोस्वामी अरुण फौजी आदि लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं के यहां हुई चोरी के खुलासा के लेकर सोपा ज्ञापन, खुलासे की मांग की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** बार एसोसिएशन मोदीनगर के अध्यक्ष चौ० जगबीर सिंह एडवोकेट ने संपूर्ण समाधान दिवस पर एक ज्ञापन जिलाधिकारी / पुलिस आयुक्त के नाम देकर सुधीर वशिष्ट अधिवक्ता व अन्य अधिवक्ताओं के चैम्बर्स के ताले तोड़े जाने व चोरी होने के सम्बन्ध में दिया तथा चोरी का शीघ्र खुलासा किए जाने की मांग की है

जापान में कहा गया है कि नगर पालिका कॉम्प्लेक्स, तहसील मोदीनगर के सामने प्रथम तल पर कई अधिवक्ता अपना विधि व्यवसाय करते है।26.07.2025 समय करीब 6:30 बजे शांय चैम्बर्स बन्द करने के पश्चात जब 28.07.2025 सोमवार को अधिवक्तागण अपने चैम्बर्स पर विधि व्यवसाय करने के लिए आये तब पता चला कि कई अधिवक्ताओं के चैम्बर्स के ताले टूटे हुए है तथा कई अधिवक्ताओं के चैम्बर्स के तालो पर हथौड़े के निशान भी मौजूद थे कई अधिवक्ताओं के चैम्बर्स पर चोरो ने ताला तोड़कर अधिवक्ताओं की टेबल की दराज में से लाखों रुपए की चोरी तथा इन्वर्टर बैटरी आदि किया गया है जिसकी एफ०आई०आर० नं0 429 थाना मोदीनगर में दर्ज करा दी गयी है। ए०सी०पी० के न्यायालय के बराबर में व तहसील प्रशासन की नाक तले से चोरो ने अधिवक्ताओं के चैम्बर्स पर कि गयी चोरी की घटना को अन्जाम दिये जाने से सभी अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। इस ज्ञापन पत्र के द्वारा आपसे, सभी अधिवक्तागण मांग करते है कि जल्द से जल्द चोरी की हुई उक्त घटना का खुलासा करते हुये चोरो के बुलन्द होसले को सबक सिखाते हुए चोरों को सलाखों के पीछे भिजवाया जावे तथा अधिवक्ताओं का चोरी किया गया सामान बरामद करते हुये अधिवक्ताओं को वापस दिलाया जावे अन्यथा समस्त अधिवक्तागण पुलिस की नाकामी के विरूद्ध आन्दोलन करने को विवश होगें।

# अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मुरादनगर (अनिल वशिष्ठ)।**आयुध निमार्णी फैक्ट्री परिसर नार्थ स्टेट सीनियर क्लब में शनिवार को यंत्र महिला कल्याण समिति आयुध निमार्णी शाखा मुरादनगर द्वारा पर्यावरण एवं अन्य विषयों पर अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि यंत्र महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा हिना गुप्ता ने किया। सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए व अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है ।ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजी बनती है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे। प्रतियोगिता में अंकुर विद्या मंदिर, पल्लव निकेतन, ओएफएम प्राइमरी स्कूल,ओएफएम इंटर कॉलेज, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जेएलएम गर्ल्स इंटर कॉलेज के के 470 छात्रों ने भाग लिया। वरिष्ठ सदस्य सरिता, कोषाध्यक्ष दीप्ति भाटी आदि मौजूद रही।

# किसान सम्मान निधि की किस्त मिलने से किसानों के चेहरे खिले



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर के विकासखंड सभागार में किसान गोष्ठी आयोजित कर किसानों को जागरूक किया गया।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खाते में किसान सम्मन निधि की 20वीं किस्त जारी की इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हित के लिए लगातार योजनाएं निकल रहे हैं।शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मन निधि की 20वीं किस्त किसानों के खाते में जारी की। किसान सम्मन निधि की रकम किसानों के खाते में आने से किसानों के चेहरे खिल उठे। नगर के विकासखंड सभागार में किसान गोष्ठी आयोजित की गई। किसान गोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक ने किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में किसानों को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। इस दौरान समाजसेवी जुनेद अली,जयदेव सिंह, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने आधा दर्जन का चालान किया गंगेरू प्रकरण



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में कैफे में बैठने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी। मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू मैन बाजार में स्थित कैफे में बैठने को लेकर हिमांशु व सुनील निवासी ग्राम गढ़ी श्याम के साथ गांव गंगेरू निवासी मेहरबान के साथ कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि मेहरबान ने अपने परिवार के इरशाद, इरफान, गय्यूर, रईस व दानिश सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ मिलकर सुनील और हिमांशु की पिटाई कर दी थी। मारपीट में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे घायलों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी थी ।मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। पुलिस ने शनिवार को मामले में कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर ? न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि सुनील की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आधा दर्जन लोगों का चालान किया गया है।

# वृद्ध महिला पर बंदरो के झुंड ने बोला जानलेवा हमला

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में घर के आंगन में बैठी एक वृद्ध महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला कर महिला को घायल कर दिया पीड़ित महिला के परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला को छुट्टी दे दी। नगर एवं क्षेत्र में बीते दो महा से लगातार बंदर एवं आवारा कुत्ते खूंखार होते जा रहे हैं। जो सैकड़ो लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं प्रशासन आवारा बंदरों एवं कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी अभियान नहीं चल रहा है। शनिवार की सवेरे थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी वृद्ध महिला कलादेवी अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी परिजनों के अनुसार तभी बंदरों के एक झूंड ने अचानक से वृद्ध महिला पर हमला बोल दिया।

# पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में पति को भेजा जेल



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर में तीन दिन पूर्व एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक विवाहिता के परिजनों ने पति, सास, ससुर के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढी रामकौर निवासी कृष्ण के पुत्र राम समन्दर की शादी जनपद सहारनपुर के मोहल्ला पंत नगर निवासी अनिका के साथ जनवरी 2020 में हुई थी। गत गुरुवार की सुबह को अनिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था ।मृतक विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना मृतक महिला के परिजनों को दी थी।

# मोदी कॉलेज में भारत स्काउट एंड गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉक्टर केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड जनपद संस्था गाजियाबाद के बैनर तले तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का तीन दिवसीय का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं जिला संस्था के सचिव डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्काउट एंड गाइड जनपद तहसील और मुरादनगर के विभिन्न विद्यालयों की लगभग 400 स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया जिसमें उन्हें स्काउट गाइड की प्रतिज्ञा, स्काउट गाइड के नियम,प्रार्थना, विभिन्न प्रकार की गांठे बांधना टैंट निर्माण मीनार बनाना प्राथमिक चिकित्सा स्वागत ताल , बिना आग के भोजन बनाना और अन्य विभिन्न प्रकार के विभिन्न गतिविधियां श्री महेश नेहरा और श्रीमती उमा बिश्नोई जिला संस्था गाजियाबाद के जिला संगठन आयुक्त श्याम सिंह जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती रिंकू के द्वारा दिया गया ।इस समारोह में विशिष्ट अतिथि मेरठ मंडल के सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त अमित कुमार सैनी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्काउट संबंधी विभिन्न जानकारी देते हुए बताया कि तृतीय सोपान करने वाले स्काउट गाइड को इंटर के बाद प्रवेश में 2 प्रतिशत का लाभ मिलता है और इसके बाद वह राज्यपाल पुरस्कार का आवेदन भी कर सकते हैं । जिला संस्था के सचिव डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने सभी स्काउट गाइड गाइड कैप्टन विभिन्न विद्यालय से आए प्रशिक्षकों का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी लगन और परिश्रम से विद्यालय में स्काउट गाइड की टीम का गठन किया।

इस अक्षर पर सचिव डॉक्टर एससी अग्रवाल ने सभी स्काउट गाइड शिक्षकों को इस वर्ष राष्ट्रपति पुरस्कार आवेदन करने के लिए भी बच्चों को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। सभी को बधाई दी शिविर का संचालन श्री श्याम सिंह रिंकू चौधरी ने किया ।इसमें डॉक्टर के एन मोदी कॉलेज के स्काउट मास्टर दिनेश कुमार का विशेष सहयोग रहा इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन आदि उपस्थित थे इस शिविर में डॉ के एन मोदी कॉलेज, रूकमणि मोदी कॉलेज ,आदर्श कन्या इंटर कॉलेज गोविंदपुरी आदर्श इंटर कॉलेज फरीदनगर ,जवाहर कन्या इंटर कॉलेज मुरादनगर ,नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज सुराणा चौधरी चरण सिंह जनता इंटर कॉलेज पतला पी बी ए एस गर्ल्स इंटर कॉलेज मोदीनगर के स्का ।उट गाइड ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह डॉक्टर अवनीश कुमार जैन प्रवीण जैनर संजीव चौधरी राजीव सिंह राजीव कुमार गौरव त्यागी बाबूराम कन्हैयालाल प्रियंका भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।



# नहीं रख रहा है चोरों का शोर चोर समझ कर मंदबुद्धि को पकड़ा

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में देर रात ग्रामीण ने एक युवक को चोर समझकर पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पकड़ा गया युवक मंदबुद्धि निकला। बाद में परिजनों को बुलाकर युवक को उनके हवाले कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव में रात में आए दिन चोरों के आने के शोर मच रहे। जिसके चलते चलते ग्रामीण रात में लाठी डंडे लेकर जागकर पहरा दे रहे हैं।? पुलिस लगातार बैठक कर लोगों को जागरूक करने में लगी है कि अफवाहों पर ध्यान ना दो, ओर गांव में चोर आने की झूठी सूचना न दो। ऐसे में किसी दिन कोई घटना घटित हो सकती है, लेकिन उसके बाद भी ग्रामीण हर रोज गांव में चोर आने की सूचना दे रहे हैं। क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में ग्रामीण रात में पहरा दे रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने एक युवक को चोर समझकर पकड़ लिया। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीण पकड़े गए युवक से पूछताछ करते रहे, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया, ओर उसके बाद पूछताछ की। पूछताछ में युवक पड़ोस के गांव सल्फा निवासी निकला। मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए।? पीड़ितों ने बताया कि उक्त युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं है, ओर बिना बताए घर से निकल जाता है।

# तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनसमस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शनिवार को निर्धारित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को किया जाता है। इसी क्रम में गाजियाबाद जनपद की तीनों तहसीलों सदर, मोदीनगर और लोनी में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 154 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। मेरठ मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस के दौरान 39 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 06 का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर शिकायत को गंभीरता से लें और उसका निस्तारण समयान्तराल में, पूर्ण गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश सिंह, एडीएम ई रणविजय सिंह, सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन, डीडीओ प्रज्ञा सिंह, एसडीएम अरुण दीक्षित, तहसीलदार व पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस के दौरान 45 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अजीत सिंह, तहसीलदार, पुलिस विभाग व अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी राजेन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित कार्यक्रम में 70 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 02 का त्वरित निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका, राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। तीनों तहसीलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 154 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 10 का समाधान तत्काल किया गया। समाधान दिवस का मूल उद्देश्य जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना, समझना और तत्काल निस्तारित करना है, ताकि आम नागरिक का प्रशासन में विश्वास और भी सशक्त हो। यह आयोजन एक बार फिर दशार्ता है कि जनसुनवाई की पारदर्शी व्यवस्था और जिम्मेदार प्रशासनिक सहभागिता ही सुशासन की पहचान है।

## तेज रफ्तार के कहर ने छीनी दो जिंदगियां, एनएच-9 पर भीषण हादसा

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बृहस्पतिवार रात एक बार फिर रफ्तार ने दो घरों के चिराग बुझा दिए। दिल्ली से हापुड़ की ओर जा रही तेज रफ्तार केटीएम बाइक ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण टक्कर के बाद बाइक सड़क पर दूर तक घिसटती चली गई, जिससे बाइक सवार और राहगीर दोनों की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। बाद में दोनों की मौत हो गई। हादसा सुंदरदीप कॉलेज के सामने उस समय हुआ जब डासना निवासी 26 वर्षीय गुल्लू, जो टोल प्लाजा पर पानी बेचने का काम करता था, एनएच-9 की दिल्ली-हापुड़ लेन पार कर रहा था। तभी लालकुआं की ओर से आ रही यज्ञरू बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। टक्कर के बाद बाइक बुरी तरह फिसलती हुई सड़क पर गिर गई और उस पर सवार दोनों युवक दूर जा गिरे। हादसे में घायल हुए तीनों लोगों को आनन-फानन में पिलखुआ स्थित रामा अस्पताल ले जाया गया।

# सुनवाई: डीसीपी सिटी ने सुनी जन समस्याए, निस्तारण के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेने और त्वरित समाधान देने की दिशा में हर दिन एक नई पहल देखने को मिल रही है। पुलिस आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में डीसीपी नगर (सिटी) धवल जायसवाल जो प्रतिदिन कार्यालय पर स्वयं फरियादियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। यह सुनवाई कोई विशेष एक दिन कि नहीं बल्कि हर दिन सुनी जा रही है। जहां हर दिन दो दर्जन से अधिक लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते है और डीसपी सिटी न कि उनकी शिकायतों को सुनते है, बल्कि मौके पर समाधान भी करते है। डीसीपी सिटी ने स्पष्ट रूप से कहा कि थाना, चौकी और पुलिस कार्यालय जनता के लिए हैं। यदि कोई व्यक्ति अपने अधिकार और न्याय के लिए हम तक पहुंचता है, तो उसका सम्मानपूर्वक समाधान करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शिकायतों का सिर्फ निस्तारण नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, पारदर्शिता और संतुष्टि के साथ निस्तारण होना चाहिए। वार्ता के दौरान डीसीपी धवल जायसवाल ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात को गंभीरता से सुनकर तुरंत संबंधित थानों, अधिकारियों और विभागीय इकाइयों को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाए और उसकी टाइमबाउंड मॉनिटरिंग की जाए। अपने स्पष्ट और प्रतिबद्ध रुख में डीसीपी ने कहा कि हर शिकायत की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। मैं स्वयं यह सुनिश्चित करूंगा कि जनता को न्याय मिले और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। गाजियाबाद पुलिस द्वारा इस तरह की जन-सुनवाई और जिम्मेदार नेतृत्व, जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम कर रहा है।

पहल न सिर्फ पुलिस की उत्तरदायित्वपूर्ण छवि को मजबूत करती है, बल्कि समाज में न्याय और सुरक्षा के प्रति भरोसा भी पैदा करती है।

# अवैध व्यापार पर जीडीए की बड़ी कार्रवाई: तीन इमारतें की गईं सील

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर में अवैध निर्माण और आवासीय क्षेत्रों में अवैध रूप से चल रही व्यापारिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए एक और बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को नेहरू नगर सेकंड स्थित तीन आवासीय भूखंडों पर नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने सख्ती दिखाते हुए सील लगा दी है। यह कार्यवाही प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप, प्रवर्तन क्षेत्र-4 के प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में 2 अगस्त को की गई। अभियान के दौरान प्राधिकरण के अभियंताओं की टीम के साथ सुरक्षा बल की भी उपस्थिति रही। निरीक्षण के दौरान भूखंड संख्या ए-43 में यह पाया गया कि भू-स्वामी हनी राय तथा बीनू राय द्वारा तहखाने (बेसमेंट) में 'सैलून प्लशज नामक एक व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित किया जा रहा था। इस अवैध उपयोग पर 29 जुलाई 2024 को प्रथम सूचना प्रतिवेदन दर्ज कर, 30 जुलाई को कारण बताओ नोटिस एवं सील पूर्व नोटिस प्रेषित किए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा न तो कोई उत्तर दिया गया और न ही व्यापारिक गतिविधि को रोका गया। नियमों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण ने भवन को सील कर दिया। भूखंड संख्या ए-55 के स्वामी अतुल मित्तल और अरुण मित्तल द्वारा पूर्व में 30 मई 2025 को आवेदन देकर यह भरोसा दिलाया गया था कि स्थल को केवल आवासीय प्रयोजन में ही उपयोग में लाया जाएगा।

# सराफा व्यापारी से ठगी करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, 1.9 किलो चांदी और नकदी बरामद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सराफा व्यापारी से हुई ठगी की एक सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। खुद को कैशवैन या कोरियर कंपनी का चालक और गार्ड बताकर राह चलते लोगों को ठगने वाले दो कुख्यात अपराधियों को एसीपी वेवसिटी प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने एक सटीक रणनीति के तहत मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। वारदात के महज कुछ ही दिनों बाद पुलिस द्वारा अपराधियों को धर दबोचने की इस तेज कार्रवाई ने कानून व्यवस्था के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को और मजबूती से साबित किया है। 25 जुलाई की सुबह आगरा निवासी सराफा व्यापारी राकेश जब गाजियाबाद से अपने घर लौटने के लिए लालकुआं बस स्टैंड पर खड़े थे, तभी बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को कोरियर कंपनी के गार्ड बताकर बैग चेकिंग के नाम पर उनका बैग बदल दिया। व्यापारी के अनुसार उस बैग में एक किलो 900 ग्राम चांदी और एक लाख 55 हजार रुपये नकद मौजूद थे। वारदात को जिस सफाई और चुपचाप तरीके से अंजाम दिया गया, उसने पुलिस के लिए चुनौती जरूर खड़ी की, लेकिन एसीपी प्रियाश्री पाल की निगरानी में गठित टीम ने इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के समन्वय से इन अपराधियों को चिन्हित कर लिया। शनिवार की देर रात जब वेवसिटी थाना पुलिस और स्वाट टीम ग्रामीण जोन संयुक्त चेकिंग कर रही थी, तभी दो संदिग्ध बाइक सवारों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों को पैर में गोली लगी और उन्हें तुरंत दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अफसर पुत्र फारूख निवासी मोहल्ला शहीदगढ़ी थाना औरंगाबाद, बुलंदशहर और प्रदीप कुमार पुत्र प्रभु सिंह निवासी कैलाश नगर, थाना विजयनगर, गाजियाबाद के रूप में हुई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह दोनों आरोपी बेहद शातिर तरीके से नकली पहचान के सहारे राहगीरों को ठगते थे। इनकी योजना पूरी तरह से सोची-समझी होती थी, जिसमें एक व्यक्ति अपना परिचय कोरियर गार्ड के तौर पर देता और दूसरा सहयोगी बैग बदलने या चोरी करने का काम करता।

## गोबर से पेंट और गीले कचरे से खाद बनाने का मॉडल बना वैश्विक चर्चा का केंद्र




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश की सीमाओं से निकलकर अब गाजियाबाद नगर निगम की योजनाएं और नवाचार वैश्विक मंचों पर सम्मान पा रहे हैं। अमेरिका के प्रतिष्ठित मंच ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रॉपीज मेयर्स चैलेंज 2025 में गाजियाबाद नगर निगम की तीन सदस्यीय टीम ने शहर का शानदार प्रतिनिधित्व किया और गोबर से पेंट एवं गीले कचरे से खाद बनाने की अभिनव योजनाएं प्रस्तुत कर वैश्विक स्तर पर खूब प्रशंसा बटोरी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अगुवाई में भेजी गई इस टीम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी और एक्सपर्ट टीम से तारूशी शामिल थीं। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में गाजियाबाद नगर निगम की टीम ने सस्टेनेबल डेवेलपमेंट और वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में जो आइडिया प्रस्तुत किए, उन्हें अमेरिका, जापान, साउथ कोरिया, अफ्रीका और इंडोनेशिया जैसे देशों ने सराहा। नगर आयुक्त ने बताया कि यह गर्व की बात है कि 630 वैश्विक प्रतिभागियों में से गाजियाबाद उन 50 चयनित शहरों में शामिल हुआ, जिन्हें अपने इनोवेटिव प्रोजेक्ट के लिए 50 लाख रुपए की फंडिंग प्राप्त होगी। अगले चरण में यदि पायलट प्रोजेक्ट को सफलता मिलती है, तो गाजियाबाद नगर निगम को 10 करोड़ रुपए की ग्रांट भी प्राप्त हो सकती है।

## दूधेश्वरनाथ मंदिर को मिलेगा नया रूप, 55 दुकानों का होगा पुनर्स्थापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के ऐतिहासिक और आस्था के केंद्र दूधेश्वरनाथ मंदिर को शीघ्र ही एक भव्य और व्यवस्थित कॉरिडोर मिलने जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप इस परियोजना का उद्देश्य न केवल मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण करना है, बल्कि श्रद्धालुओं को बेहतर और सुगम दर्शन व्यवस्था प्रदान करना भी है। कॉरिडोर निर्माण की राह में आने वाली 55 दुकानों को अब हिंडन विहार में स्थानांतरित किया जाएगा। नगर निगम और प्रशासन की ओर से इस कार्य को अंजाम देने की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि हिंडन विहार में 60 दुकानों के निर्माण के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है और जल्द ही दुकान आवंटन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रक्रिया के तहत पहले चरण में मंदिर के समीप की 14 दुकानों को स्थानांतरित किया जाएगा, इसके बाद शेष 41 दुकानों को व्यवस्थित ढंग से शिफ्ट किया जाएगा। दुकानदारों को नई दुकानों के आवंटन की रिपोर्ट जिलाधिकारी गाजियाबाद के माध्यम से शासन को भेजी जा रही है। कॉरिडोर बनने से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ा राहत मिलेगी। सावन जैसे धार्मिक अवसरों पर यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं, जिससे पूरे इलाके में भारी भीड़ और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। श्रद्धालुओं को घंटों कतार में खड़े रहकर दर्शन करने पड़ते हैं। विशेष कॉरिडोर परियोजना के तहत मंदिर क्षेत्र में मुख्य द्वार, यात्री निवास, विश्राम स्थल, स्वच्छता सुविधा, प्रकाश व्यवस्था और मार्ग चौड़ीकरण जैसे कार्य शामिल किए गए हैं। यह सब कुछ काशी विश्वनाथ और महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर तैयार किया जाएगा ताकि गाजियाबाद भी धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर गौरवपूर्ण स्थान पा सके। नगर निगम और जिला प्रशासन की यह पहल न केवल श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात होगी, बल्कि स्थानीय व्यापारियों के पुनर्स्थापन से सामाजिक समरसता और विकास का नया अध्याय भी जुड़ेगा।

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित, कुल 154 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 10 का निस्तारण

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। मेरठ मण्डलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 06 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। मण्डलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि हर शिकायत का समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान जीडीए सचिव श्री राजेश सिंह, एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, डीडीओ श्रीमती प्रज्ञा सिंह, एसडीएम श्री अरूण दीक्षित, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। मोदीनगर तहसील में एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 45 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम श्री अजीत सिंह, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। लोनी तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी श्री राजेन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जहां पर कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 154 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

## क्रिकेट के चौके-छक्के बने बच्चों के लिए खतरा! हाईटेक वर्ल्ड स्कूल में उड़ी गेंदों से मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जहां एक ओर चौके-छक्कों की आवाज सुनकर खेल प्रेमी झूम उठते हैं, वहीं एनएच-24 स्थित हाईटेक वर्ल्ड स्कूल के बच्चे और शिक्षक हर तेज गेंद के साथ डर के साए में जी रहे हैं। दरअसल, स्कूल के सामने स्थित एक क्रिकेट एकेडमी में लगातार प्रैक्टिस और मैचों के दौरान गेंदें स्कूल की ओर आती हैं, जिससे जान-माल को खतरा बना रहता है। मामला शुक्रवार दोपहर का है, जब एक क्रिकेट बॉल हवा में लहराती हुई स्कूल परिसर में आ गिरी। संयोगवश एक छात्र बाल-बाल बच गया, लेकिन वहीं मौजूद एक शिक्षिका के पैर पर गेंद जा लगी। घटना के बाद बच्चों में भय का माहौल बन गया और स्कूल प्रबंधन ने वेव सिटी थाने में लिखित शिकायत दी। हाईटेक वर्ल्ड स्कूल के निदेशक विहंग गर्ग ने बताया कि पिछले कुछ समय में कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। तेजी से आई गेंदें खिड़कियों के शीशे तोड़ चुकी हैं, स्कूल वाहनों को नुकसान पहुंचा चुकी हैं, और कुछ छात्रों व शिक्षिकाओं को मामूली चोटें भी आई हैं। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से बात की और क्रिकेट एकेडमी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना से बचने के लिए तुरंत प्रभाव से मैदान के चारों ओर ऊंची जाली लगाई जाए।

# कन्या वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज में हुआ भव्य वृक्षारोपण और सांस्कृतिक आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम उठाते हुए भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को कन्या वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य सिर्फ पौधारोपण नहीं, बल्कि समाज में हरियाली, सहभागिता और चेतना का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर सुनीता दयाल ने विद्यालय के साथ अपने छात्र जीवन की मधुर स्मृतियाँ साझा करते हुए इस आयोजन को संवेदनशील और व्यक्तिगत स्तर पर भी भावपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यालय परिसर के बाहर नगर निगम की ओर से सफाई व्यवस्था और सहयोग का आश्वासन देते हुए आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र हितकारी ने किया। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने समाज को संगठित करने, पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति, वृक्ष संरक्षण और समसामयिक विषयों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को भावनात्मक रूप से छू लिया।

# मानव अधिकार मिशन टीम द्वारा जनपद गाजियाबाद में मासिक बैठक का आयोजन संपन्न

वेलकम इंडिया अनिल कुमार




**गाजियाबाद।** मानव अधिकार मिशन द्वारा मासिक बैठक मानव अधिकार मिशन के जिला अध्यक्ष एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी नेपाल सिंह सिसोदिया जी अध्यक्षता में उनके कार्यालय जनपद गाजियाबाद के जिला न्यायालय परिसर में उनके चेंबर नंबर 738 पर आहूत की गई।

बैठक में 15 अगस्त पर होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम रॉयल किड्स पब्लिक स्कूल राजनगर में किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष द्वारा मानव के अधिकारों एवं पीड़ितों की मदद के विषय में भी चर्चा की गई बैठक में मानव अधिकार मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश भारद्वाज जी, राष्ट्रीय विधि सलाहकार केपी सिंह जी, जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह चौहान, जिला विधि सचिव राष्ट्रवर्धन अरोड़ा जी, जिला उपाध्यक्ष वेदपाल सिंह कुशवाहा, जिला विधि सचिव सुभाष सिंह सिसोदिया, मेरठ मंडल मीडिया सचिव अनिल सेन, जिला महिला सचिव अपराजिता सलूजा, मीडिया सचिव महिला सीमा सक्सेना, जिला प्रमुख सोशल वेदपाल भगत जी, जिला प्रमुख प्रशासन जेपी राणा, अखिलेश गुप्ता जी एवं निम्न सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।